नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 264 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, मंगलवार 2 अगस्त 2022

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in





पेज -3 पर

जब शहर हमारा सोता है.. ने लूटी वाह-वाही





ओपी चौधरी ने प्रदेश के किसानों को केले की खेती से अवगत कराया

पेज -8 पर


# शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के साथ संस्कृति को आगे बढ़ाने का कर रहे हैं काम: मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने शिवरीनारायण में कन्नौजिया कुर्मी समाज के धर्मशाला का किया लोकार्पण

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एक दिवसीय जांजगीर-चाम्पा जिले के शिवरीनारायण प्रवास पर थे। इस दौरान उन्होंने माता शबरी और भगवान नर नारायण के दर्शन कर मंदिर में पूजा की और कन्नौजिया कुर्मी समाज के धर्मशाला का लोकार्पण किया।



यहां आयोजित सामाजिक सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि प्रदेश के विकास में सभी समाज की सहभागिता जरूरी है। उनकी सरकार सभी समाज और वर्ग को साथ लेकर विकास की राह में आगे बढ़ रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की दिशा में जो भी योजनाएं बनाई गई है, उससे सभी समाज के गरीब और जरूरतमंद लोगों का उत्थान हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की अपनी गौरवशाली संस्कृति है। इन्हें संरक्षित करने के साथ आने वाली पीढ़ी को बताने की दिशा में भी सरकार काम कर रही है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने शिवरीनारायण में कन्नौजिया कुर्मी समाज के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि श्रमदान और सहयोग राशि से धर्मशाला भवन का निर्माण किया गया है।

### इंडोर स्टेडियम का नाम माता शबरी के नाम पर करने मुख्यमंत्री ने की घोषणा

*मुख्यमंत्री बघेल ने शिवरीनारायण में बनाए जा रहे इंडोर स्टेडियम का नाम माता शबरी के नाम पर करने की घोषणा मंच से की। उन्होंने कन्नौजिया कुर्मी समाज के धर्मशाला हेतु अतिरिक्त कक्ष हेतु सहयोग करने की बात भी कही। उन्होंने 30 बेड अस्पताल भवन हेतु टेण्डर जारी होने तथा पर्यटन के विकास के लिए कार्य प्रगति पर होने की बात कही।*

### नवा कलेक्टर हे, अच्छा काम करही

*मुख्यमंत्री श्री बघेल ने मंच से कहा कि आने वाले समय में जिला का विकास तेजी से होगा। आपके जिला में नवा कलेक्टर आ गे हे। लकठा परोस के रहइया हे, बिलासपुर के हे। अच्छा काम करही। इहा के जिला पंचायत सीईओ रह चुके हे, अब निरन्तर विकास होही। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव में कलेक्टर से पहले श्री तारन प्रकाश सिन्हा, जनसंपर्क के आयुक्त सह संचालक थे। अब आपके जिले के कलेक्टर बन गये हैं।*

## हर घर तिरंगा अभियान में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करें-अमरजीत भगत



**रायपुर।** संस्कृति मंत्री श्री अमरजीत भगत ने कहा है कि हर घर तिरंगा अभियान में समाज के सभी वर्गों की व्यापक भागीदारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे तिरंगे के साथ देशवासियों की भावनाएं जुड़ी हुई हैं। इस तिरंगे की आन बान और शान के लिए अनेक लोगों ने राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान बलिदान दिया है। श्री भगत आज यहां अपने निवास कार्यालय में विभागीय अधिकारियों को इस संबंध में प्रचार-प्रसार करने और लोगों को इस अभियान से जोड़ने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। हमारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हमारी आज़ादी, गौरव और स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि 'हर घर झंडा अभियान' के स्थानीय कारीगरों द्वारा निर्मित तिरंगे का प्रयोग किया जाए जिससे उन्हें रोजगार मिले साथ ही वे राज्य की अर्थव्यवस्था में योगदान दे सकें। उन्होंने लोगों से हर घर तिरंगा अभियान के दौरान हस्तशिल्प कला से जुड़ी बहनों द्वारा निर्मित खादी के राष्ट्रीय ध्वज खरीदने की अपील की।

## एक नजर

### सुकमा में पुलिस-नक्सली मुठभेड़

5 लाख का इनामी हार्डकोर माओवादी मारा गया, माड़ इलाके में था सक्रिय



**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सोमवार की सुबह पुलिस व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। जवानों ने मुठभेड़ में 5 लाख रुपये के इनामी हार्डकोर नक्सली को ढेर कर दिया है। भेज्जी इलाके में जवान सर्चिंग पर निकले थे, तभी नक्सलियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। CRPF व DRG जवानों ने भी मोर्चा संभाला और मुंहतोड़ जवाब दिया। जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली जंगल का फायदा उठाकर भाग खड़े हुए। एरिया की सर्चिंग करने पर एक नक्सली का शव बरामद किया गया है। जवान अभी भी मौके पर मौजूद हैं। पुलिस अफसर जवानों के लौटने के बाद जानकारी देने की बात कह रहे हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओम चंदेल के अनुसार जंगल में बड़ी संख्या में माओवादियों के जमावड़े की सूचना पर ऑपरेशन लांच किया गया था। भेज्जी थाने से डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) की टीम को रवाना किया गया था। सुबह 6 से 7 बजे के बीच भेज्जी इलाके के पटेलपारा और बंकूपारा के पास नक्सलियों व डीआरजी जवानों के बीच मुठभेड़ हो गई।

## रस्तोगी नर्सिंग कॉलेज की 60 छात्राओं को फूड पॉइजनिंग:एक की मौत, 46 की हालत गंभीर

स्टूडेंट्स बोलीं-हमें गंदा खाना मिलता था

**भिलाई।** भिलाई के मॉडल टाउन क्षेत्र में संचालित रस्तोगी नर्सिंग कॉलेज की 60 छात्राएं फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गईं। सभी छात्राओं को नेहरू नगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसमें एक छात्रा की मौत हो गई है। 46 छात्राओं की हालत गंभीर बनी हुई है।



जानकारी के मुताबिक नर्सिंग कॉलेज में 300 छात्राएं हॉस्टल में रहकर एएनएम और नर्सिंग का कोर्स करती हैं। 4 दिन पहले कुछ छात्राओं को फूड पॉइजनिंग की शिकायत हुई थी। प्रबंधन ने उन्हें उपचार के लिए हॉस्पिटल में भर्ती कराया। इसके बाद एक-एक कर और भी छात्राओं की तबीयत बिगड़ती चली गई। अब तक मिली जानकारी के अनुसार 46 छात्राओं की हालत गंभीर है, जबकि 13 अन्य ही हालत ठीक है।

### मेयर ने दिए मामले की जांच कराने के निर्देश

कॉलेज प्रबंधन पिछले तीन दिनों से यह मामला दबाए हुए था। चौथे दिन जब बालोद निवासी कामिनी की डेथ हुई तो मामला आग की तरह फैला। जानकारी मिलते ही भिलाई नगर निगम के मेयर नीरज पाल, आयुक्त लोकेश चंद्राकर, उपायुक्त अशोक द्विवेदी, पार्षद वशिष्ठ नारायण मिश्रा सिहत अन्य लोग पहुंचे। मेयर नीरज पाल ने दुर्ग कलेक्टर से बात की और मामले की जांच कराने की बात कही है। नीरज पाल ने निगम आयुक्त को निर्देश दिया है कि वे खुद मामले की जांच कराएं और गलती पाए जाने प्रबंधन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

### कॉलेज प्रबंधन ने मौत की जिम्मेदारी लेने से किया इनकार

इधर रस्तोगी नर्सिंग कॉलेज प्रबंधन ने छात्रा कामिनी की मौत की जिम्मेदारी लेने से इनकार किया है। कॉलेज के जीएम ने कहा कि कामिनी की तबीयत खराब जरूर हुई थी, लेकिन वह ठीक हो गई थी। इसके बाद उसके परिजन उसे बालौद घर लेकर चले गए थे। वहां उसकी मौत हुई है। इस मौत के लिए प्रबंधन जिम्मेदार नहीं है।

महंगाई-बेरोजगारी पर राजभवन घेरेगी कांग्रेस

## 5 अगस्त को प्रदेश भर में बड़े प्रदर्शन की तैयारी, सीएम भी शामिल हो सकते हैं

**रायपुर।** महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर कांग्रेस राजभवन का घेराव करने जा रही है। इसके लिए पांच अगस्त का दिन तय किया गया है। इस प्रदर्शन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी शामिल हो सकते हैं। नेताओं-कार्यकर्ता को प्रदेश भर के ब्लॉक-जिला मुख्यालयों पर भी प्रदर्शन कर गिरफ्तारी देने को कहा गया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने बताया, पांच अगस्त को सुबह 11 बजे से रायपुर के आम्बेडकर चौक पर धरना प्रदर्शन शुरू हो जाएगा। वहां एक सभा को संबोधित करने के बाद संगठन के लोग राजभवन का घेराव करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम सहित तमाम वरिष्ठ नेता शामिल होने वाले हैं। राजभवन घेराव में सभी विधायक, पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ नेता भाग लेंगे और सामूहिक गिरफ्तारी देंगे।



लोकसभा और राज्यसभा के सांसद उस दिन दिल्ली में संसद से राष्ट्रपति भवन तक चलो राष्ट्रपति भवन मार्च करके महंगाई एवं बेरोजगारी के खिलाफ विरोध दर्ज कराएंगे। दिल्ली में कांग्रेस पार्टी प्रधानमंत्री आवास घेराव करेगी, जिसमें कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य गण एवं वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि देश में महंगाई रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। पेट्रोल, एलपीजी से लेकर दालें, कुकिंग ऑयल जैसी जरूरी चीजों की बढ़ी कीमतों ने आम लोगों का जीना मुहाल कर रखा है।

भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और उभरती हुई आर्थिक ताकत

## विविधता में एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत: मुख्यमंत्री

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने त्याग और बलिदान से यह साबित किया था कि सभी जाति, धर्म, समाजों की विविधता के बीच एक राष्ट्र के रूप में हमारी एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। आजादी के बाद भारत ने जिन मूल्यों के साथ अपनी यात्रा शुरु की थी, हम उन मूल्यों को सहेजते और मजबूत करते हुए विकास पथ पर आगे बढ़ रहे हैं। ये वही मूल्य हैं, जो हमारे संविधान की आत्मा हैं।



जिनकी वजह से, तमाम चुनौतियों के बावजूद, हमारा लोकतंत्र जिंदा है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज एसओएएस यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन में आयोजित कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन सत्र को वर्चुअल रूप से सम्बोधित कर रहे थे। यह कॉन्फ्रेंस भारत की आजादी के 75 वें वर्ष के उपलक्ष्य में एसओएएस यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन में एक अगस्त से 03 अगस्त तक भारत के 75 वर्ष एक समीक्षा विषय पर आयोजित है।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आगे कहा कि आज हमारे लोकतांत्रिक मूल्य पर खतरा मंड़रा रहा है। हम इन मूल्यों को बचाकर और आगे बढ़ाकर भारत की स्वतंत्रता को बचाए रखने में अपना योगदान दे रहे हैं।

रायपुर में बस्ती तोड़ने पर बवाल,

## बीजेपी पार्षद को उठा ले गई पुलिस, संजय श्रीवास्तव गिरफ्तार, लोगों ने कहा-त्योहार से पहले घर उजाड़ रहा निगम

**रायपुर।** रायपुर के खम्हारडीह इलाके में नगर निगम का अमला अवैध बस्ती तोड़ने पहुंचा। निगम के अफसरों को पहले से ही यहां पर बवाल की आशंका थी, इसलिए पुलिस भी साथ पहुंची थी । कार्रवाई करने आए अफसरों को देखकर स्थानीय लोग भड़क गए। बस्ती वालों ने नगर निगम और पुलिस के लोगों के साथ धक्का-मुक्की शुरू कर दी, निगम को कार्रवाई से रोका। इसी बात पर काफी विवाद हो गया।



हालात तनावपूर्ण हो गए, सिटी एसपी सुखनंदन राठौर भी फोर्स लेकर पहुंचे। महिलाओं ने भी पुलिस के साथ धक्का-मुक्की की, इन्हें खदेड़ कर पुलिस नगर निगम की टीम को बस्ती के भीतर भेजना चाह रही थी। स्थानीय पार्षद रोहित साहू, भाजपा नेता संजय श्रीवास्तव भी बस्ती के रास्ते पर धरना देते हुए सड़क पर बैठ गए। इस कार्रवाई को भाजपा नेताओं ने गलत बताया। निगम और पुलिस प्रशासन के खिलाफ लोग नारेबाजी करते रहे।कुछ देर बाद पुलिस पार्षद रोहित साहू को जबरदस्ती उठाकर ले गई। भाजपा नेता संजय श्रीवास्तव को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जनप्रतिनिधियों को गिरफ्तार कर विधानसभा थाने भेज दिया गया। इसके बाद नगर निगम ने बस्ती में तोड़फोड़ की कार्रवाई शुरू कर दी। बस्ती के स्थानीय निवासी केशव साहू ने दैनिक भास्कर को बताया कि पिछले दो-तीन महीनों से बस्ती खाली कराने का विवाद अदालत में चल रहा है।

बैठक... ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर फसलों की स्थिति का लिया जायजा कार्ययोजना तैयार करने के दिए निर्देश

## मुख्य सचिव ने बैठक लेकर प्रदेश में वर्षा की स्थिति की समीक्षा की

रायपुर। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने मंत्रालय महानदी भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा प्रदेश के संभागायुक्तों एवं कलेक्टरों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों के किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली जाए।



मुख्य सचिव ने कमिश्नर एवं कलेक्टरों को भी ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर फसलों की स्थिति का जायजा लेकर राहत कार्य शुरू करने के लिए आवश्यक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से सभी जिलों की तहसीलो में वर्षा की स्थिति, जलाशयों में जल भराव की स्थिति एवं फसलों की स्थिति की विस्तार से जानकारी ली। बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू मौजूद थे। बैठक में संभागायुक्तों ने बताया कि उनके क्षेत्र के अंतर्गत सभी जलाशयों में जल भराव की स्थिति पर्याप्त है। प्रदेश में वर्षा की स्थिति की समीक्षा के दौरान राजस्व विभाग के सचिव श्री एन.एन.एक्का ने बताया कि प्रदेश की आठ तहसीलो में 40 प्रतिशत औसत वर्षा हुई है। इनमें सरगुजा जिले का लुण्ड्रा, दरिमा और बतौली है। सूरजपुर जिले की प्रतापपुर और बिहारपुर है। इसी तरह से बलरामपुर जिले की शंकरगढ़, रामानुजगंज और राजपुर तहसील में अब तक 40 प्रतिशत औसत वर्षा हुई है। मुख्य सचिव ने कम वर्षा वाली तहसीलो में तत्काल फसलों के नजरी आंकलन करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। उन्होंने कहा है कि कृषि एवं राजस्व विभाग के अधिकारी को किसानों के खेतों में पहुंचकर फसल उत्पादन की स्थिति का जायजा ले। साथ ही जहां पर अधिक वर्षा के कारण फसलों को नुकसान हुआ है वहां पर शीघ्र ही दूसरी फसलों की बुआई करने के लिए किसान को खाद, बीज और अन्य जरूरी सहायता उपलब्ध कराई जाए। मुख्य सचिव ने प्रभावित गांवों में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत कार्य प्रारंभ कराने और अल्प वर्षा वाली तहसीलो में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। मुख्य सचिव ने बैठक में कलेक्टरों को हर घर झंडा अभियान के तहत जिला मुख्यालय के सुविधाजनक स्थानों से लोगों को झंडा उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में विशेष पिछड़ी जनजाति के पात्र युवाओं के लिए जिला स्तर पर तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों पर भर्ती अभियान यथाशीघ्र प्रारंभ करने कहा।

## मुख्यमंत्री को 'द जंगल रंबल' प्रोफेशनल बॉक्सिंग फाइट का पहला टिकट भेंट

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से उनके निवास कार्यालय में प्रोफेशनल बॉक्सिंग फाइट 'द जंगल रंबल' के आयोजक मंडल ने सौजन्य मुलाकात की। आयोजकों ने मुख्यमंत्री 'द जंगल रंबल' प्रोफेशनल बॉक्सिंग फाइट का पहला टिकट भेंट किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि 'द जंगल रंबल' प्रोफेशनल बॉक्सिंग फाइट का आयोजन 17 अगस्त को राजधानी रायपुर के बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में किया जाएगा। बॉक्सिंग फाइट में ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज विजेंदर सिंह घाना के बॉक्सर इलिआसु सुले से मुकाबला करेंगे। मुख्यमंत्री ने आयोजकों को बॉक्सिंग फाइट के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए उन्हें प्रथम टिकट देने के लिये धन्यवाद दिया। इस अवसर पर श्री चिन्मय तिवारी और सुश्री सुमन त्रिपाठी उपस्थित थीं।




**पहली बार रायपुर में आयोजित हो रही प्रोफेशनल बॉक्सिंग फाइट में विजेंदर सिंह करेंगे घाना के इलिआसु सुले से मुकाबला**

# ‘राष्ट्रपति’ शब्द के लैंगिक औचित्य पर बहस, यह विवाद राजनीतिक या व्याकरणिक

देश में ‘राष्ट्रपति’ जैसे संवैधानिक शब्द को जेंडर न्यूट्रल (लिंग निरपेक्ष) घोषित करने की मांग दरअसल इस अत्यंत सम्मानित और मोटे तौर पर सर्वस्वीकृत शब्द को लेकर उठे विवाद को जिंदा रखने की कोशिश भर लगती है। देश के संवैधानिक इतिहास में यह तीसरी बार है, जब राष्ट्र के सर्वोच्च पदनाम के लैंगिक औचित्य को लेकर बवाल खड़ा किया जा रहा है।

पहला विवाद आजादी के पहले संविधान सभा में हुआ था, जब इस राष्ट्रपति शब्द को अंग्रेजी के ‘प्रेसीडेंट’ शब्द के पर्यायवाची के रूप में प्रस्तावित किया गया था और काफी बहस के बाद उसे स्वीकार कर लिया गया था। दूसरी बार इस पर बवाल तब मचा, जब देश की पहली महिला राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा पाटिल बनीं।

सवाल उठता कि उन्हें ‘राष्ट्रपति’ कैसे पुकारा जाए, क्योंकि वो तो एक महिला हैं? इसी विवाद में स्व. बाला साहब ठाकर ने एक सुझाव दिया था कि यदि राष्ट्रपति महिला हो तो उसे राष्ट्रपति के बजाए ‘राष्ट्राध्यक्ष’ कहा जाए, लेकिन इस पर विवाद हो सकता था। अब देश की नई राष्ट्रपति महामहिम श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के पदनाम की लैंगिकता पर बेवजह विवाद खड़ा किया जा रहा है। या यूं कहे कि एक राजनीतिक विवाद को व्याकरणिक विवाद में तब्दील करने की कोशिश की जा रही है। इस बात की तह में जाना जरूरी है कि आखिर प्रेसीडेंट के हिंदी समकक्ष शब्द के रूप में ‘राष्ट्रपति’ शब्द का औचित्य क्या है और क्यों है?

## ‘राष्ट्रपति’ शब्द को बवाल

‘राष्ट्रपति’ शब्द को लेकर ताजा बवाल की शुरुआत लोकसभा में कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी के उस विवादित बयान से हुई, जिसमें उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को ‘राष्ट्रपत्नी’ कहकर सम्बोधित किया। भाजपा ने इसे जानबूझ कर एक महिला राष्ट्रपति का अपमान बताया और चौधरी से इसके लिए माफी मांगने की मांग की तो खुद चौधरी और उनकी पार्टी कांग्रेस एकदम बैकफुट पर आ गए। क्योंकि जो चौधरी ने कहा वो अनौपचारिक रूप में मजाक के तौर पर भले कह दिया जाता हो,



स्व. बाला साहब ठाकर ने एक सुझाव दिया था कि यदि राष्ट्रपति महिला हो तो उसे राष्ट्रपति के बजाए ‘ राष्ट्राध्यक्ष’ कहा जाए। लेकिन इस पर विवाद हो सकता था। अब देश की नई राष्ट्रपति महामहिम श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के पदनाम की लैंगिकता पर बेवजह विवाद खड़ा किया जा रहा है।

लेकिन एक संवैधानिक पद के नामकरण को लेकर अपने आप में बहुत निम्नस्तरीय टिप्पणी थी।

बाद में चौधरी ने स्वयं राष्ट्रपति मुर्मू को चिट्ठी लिखकर यह कहकर माफी मांगी कि चूंकि वो स्वयं बंगला भाषी हैं, इसलिए शब्द में निहित लिंगभेद ठीक से समझ नहीं पाए। यह सही है कि बांग्ला में स्त्री और पुरुष सम्बोधनों और क्रियापदों में वैसा लिंग भेद नहीं है, जैसा कि हिंदी में है। अंग्रेजी में भी कई शब्द लिंग निरपेक्ष ही हैं, लेकिन हिंदी की प्रकृति अलग है। इसीलिए महिला और पुरुषों को लेकर कार्यकारण शब्दों और क्रियापदों में अंतर होता है । अधिरंजन चौधरी ने जो कहा, वह केवल ‘भाषागत अज्ञान’ अथवा वाचिक असावधानी भर नहीं थी, उसमें कहीं न कहीं राजनीतिक उपहास और गहरे कटाक्ष का भाव भी था। इसी भाव को जिंदा रखने के लिए मप्र. के भिंड के एक कांग्रेस नेता देवाशीष जरारिया ने अब खुद राष्ट्रपति को पत्र लिखकर मांग की है कि राष्ट्रपति शब्द को ‘लैंगिक रूप से तटस्थ’ घोषित किया जाए अर्थात यह शब्द न तो पुल्लिंग होगा और न ही स्त्रीलिंगी।

## संविधान की मूल ड्राफ्टिंग

हमारे संविधान की मूल ड्राफ्टिंग अंग्रेजी में है। इसमें देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद के लिए संविधान रचनाकारों ने अंग्रेजी के प्रेसीडेंट’ शब्द को अंगीकार किया। इस पर कोई विवाद नहीं रहा। लेकिन संविधान के हिंदी प्रारूप में प्रेसीडेंट’ के समानार्थी शब्द को लेकर संविधानकारों में मतभेद था। परिणामस्वरूप कई सुझाव आए, जिनमें राष्ट्रप्रधान, कर्णधार, सरदार, चीफ एक्जीक्युटिव, राष्ट्राध्यक्ष आदि थे। लेकिन किसी पर भी आम सहमति नहीं बनी। इसका कारण यह हो सकता है कि सुझाए गए किसी भी शब्द में देश के सर्वोच्च पद में निहित गरिमा और उसकी अपेक्षित प्रतिध्वनि महसूस नहीं हो रही थी।

वैसे भी हिंदी में ‘पति’ शब्द केवल दाम्पत्य जीवन के ‘पति’ तक सीमित नहीं है। पति शब्द मूल रूप से संस्कृत की ‘पा’ धातु से उत्पन्न हुआ है, जिसका अर्थ है- रक्षा करना। गृहस्थ जीवन के संदर्भ में चूंकि यह अपनी स्त्री के संरक्षण से सम्बन्धित है, इसलिए ऐसा करने वाले को ‘पति’ कहा गया है।

पति परिवार का मुखिया भी माना जाता है। हालांकि समय और बदलते दायित्वों के साथ पति शब्द का काफी विस्तार हुआ और समाज ने उसे ‘अधिपति’ या ‘स्वामी’ के अर्थ में स्वीकार कर लिया। इसी संदर्भ में ‘राष्ट्रपति’ शब्द से तात्पर्य राष्ट्र के संरक्षक और मुखिया से है न कि किसी पुरुष मात्र या परिवार विशेष के मुखिया से।

अजय बोकिल

## संपादकीय

### अमेरिका से मंदी की आहट

अमेरिका में ब्याज दर में बढ़ोतरी से दुनिया भर में असर होगा खास कर भारत जैसे देशों में। भारत से संस्थागत विदेशी निवेशक पैसा निकालने लगे थे। अब इसकी रफ्तार और बढ़ेगी। दुनिया भर में आर्थिक मंदी का अंदाजा पिछले कुछ समय से लगाया जा रहा है। लेकिन अब उसकी आहट बहुत साफ सुनाई दे रही है। दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश अमेरिका से ही इसकी शुरुआत हो रही है। वैसे 2008 की वैश्विक आर्थिक मंदी, जिसे सब प्राइम क्राइसिस के नाम से जाना जाता है, उसकी शुरुआत भी अमेरिका से हुई थी। लेहमैन ब्रदर्स सहित 28 बड़ी वित्तीय संस्थाएं दिवालिया हुई थीं। इस बार का संकट उससे अलग है। इस बार अमेरिका से लेकर दुनिया के दूसरे देशों में संकट महंगाई और विकास का है। इसका मतलब है कि दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाओं के सामने पिछली बार से ज्यादा बड़ी चुनौती है। अमेरिका में फेडरल रिजर्व ने नीतिगत ब्याज दरों में एक बार में 0.75 फीसदी की बढ़ोतरी की है। पिछले तीन महीने में दूसरी बार अमेरिका के केंद्रीय बैंक ने ब्याज दरों में बढ़ोतरी की है। इसका मकसद महंगाई को काबू में करना है। जून के महीने में अमेरिका में 9.1 फीसदी महंगाई दर थी। 1980 के बाद पहली बार अमेरिका में इस तरह से महंगाई बढ़ रही है और तभी 1980 के दशक की तरह ही अमेरिका का केंद्रीय बैंक मौद्रिक नीतियों के जरिए महंगाई काबू में करने का प्रयास कर रहा है। अमेरिका जैसे क्रेडिट आधारित समाज में ब्याज दर बढ़ने से मांग में कमी आएगी और विकास दर घटेगी। तभी अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने अपने पूर्वानुमान में बदलाव किया और अमेरिका में 2.3 की बजाय एक फीसदी विकास दर का अनुमान जताया है।

# चीन के दो चेहरे: एक ओर बातचीत, दूसरी ओर उकसावे की कार्रवाई

मई, 2020 से वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर धमकाने वाले अंदाज में बैठे हुए चीन की हरकतें विचित्र हैं। स्थिति यह है कि दोनों तरफ के सैन्य कमांडरों के बीच 16 दौर की बातचीत के बावजूद न तो चीन वहां से हटने का कोई प्रयास कर रहा है और न ही तनाव कम होने का कोई संकेत मिल रहा है। इसके उलट नवीनतम रिपोर्टों से यह संकेत मिलता है कि पूर्वी क्षेत्र में, %चीनी लड़ाकू जेट एलएसी पर समझौतों का बार-बार उल्लंघन कर रहे हैं और भारतीय वायुसेना को उलझने के लिए मजबूर कर रहे हैं।

जबकि विश्वास बहाली के उपायों पर बनी सहमति के अनुसार, एलएसी के दस किलोमीटर के दायरे में सैन्य विमानों का संचालन नहीं होना चाहिए, यह शत्रुतापूर्ण कार्रवाई है।

इसके साथ ही, पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) एलएसी के पास बड़े पैमाने पर सैन्य बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रही है। एक नया राजमार्ग बनाया जा रहा है, जो अक्साई चिन के विवादित हिस्सों से होकर गुजरेगा। जैसा कि हमें मालूम है, चीन ने पैंगोंग झील के ऊपर दो पुल बनाए हैं। लगता है, जैसे चीनी शासन ने अक्तूबर, 2021 में अपने मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स में युद्ध छेड़ने की जो अशुभ धमकियां दी थीं, उन्हें सच करके दिखाने पर वह आमादा है। इनमें से अधिकांश विरोधाभासों को चीनी विश्वास निर्माण की उसकी प्रवृत्ति में विश्लेषित किया जा सकता है। चीन की इच्छा वैश्विक महाशक्ति बनने की है।



*यथार्थवादी स्कूल के अमेरिकी राजनीति विज्ञानी जॉन मियरशाइमर की थ्योरी ऑफ ऑफेन्सिव रियलिज्म ऐंड द राइज ऑफ चाइना इस घटना को स्पष्ट करती है।*

अपने कम्युनिस्ट अवतार में उसने कन्फ्यूशियस के सिद्धांतों को तिलांजलि दे दी है और विस्तारवादी लोकाचार में यथार्थवादी सिद्धांतों को लागू किया है। यथार्थवादी स्कूल के अमेरिकी राजनीति विज्ञानी जॉन मियरशाइमर की थ्योरी ऑफ ऑफेन्सिव रियलिज्म ऐंड द राइज ऑफ चाइना इस घटना को स्पष्ट करती है। ट्रेजिडी ऑफ ग्रेट पावर पॉलिटिक्स (2010) में मियरशाइमर ने चीन के उदय के संबंध में अपने सिद्धांतों के निहितार्थ के बारे में विस्तार से लिखा है। वर्ष 2010 में उन्होंने तर्क दिया था कि चीन के वर्तमान या भविष्य के इरादों का सटीक अनुमान लगाने का कोई तरीका नहीं है, चीन की रक्षात्मक और आक्रामक सैन्य क्षमताओं के बीच अंतर करना मुश्किल है और चीन के अतीत का शांतिपूर्ण व्यवहार भविष्य के व्यवहार का एक अविश्वसनीय संकेतक है। मियरशाइमर के अनुसार, चीन दूसरे देशों पर अपनी राष्ट्रीय शक्ति को तवज्जो देने की इकलौती नीति पर चल रहा है। अब शी जिनपिंग अपनी घरेलू और विश्व कूटनीति में साझा नियति के समुदाय की धारणा को तेजी से बढ़ावा दे रहे हैं। इतिहास की तरफ देखें, तो चीन का यह रवैया हमें अतीत के हान शासन की याद दिलाता है, जिसने कोरिया, मंगोलिया, वियतनाम और जापान जैसे कई पड़ोसी देशों को प्रभावित करते हुए अपनी भूमि और संस्कृति का उद्देश्यपूर्ण विस्तार किया था। सैन्य अभियानों की शृंखलाओं के जरिये उसने आधुनिक चीन और उत्तरी वियतनाम का निर्माण किया था। मेरा मानना है कि इस दर्शन को चीन के आधुनिकीकरण कार्यक्रमों में गहराई से पोषित किया गया था। दिसंबर 1978 में देंग श्याओ पिंग ने औपचारिक रूप से सुधार प्रारंभ करते हुए चार आधुनिकीकरण की आधिकारिक शुरुआत की घोषणा की थी, जिनमें कृषि, उद्योग, राष्ट्रीय रक्षा और विज्ञान व प्रौद्योगिकी शामिल थे। सबसे अंत में सैन्य आधुनिकीकरण किया गया। इस पृष्ठभूमि में भारत के प्रति चीनी रवैये को समझना और शायद भविष्य को देखना आसान है। भारत को घेरने के लिए शत्रुओं के हाथ मिलाने का इतिहास जम्मू और कश्मीर क्षेत्र में पाकिस्तान एवं चीन के बीच खेला जाने वाला एक बड़ा खेल था। यह सब वर्ष 1959 में तब शुरू हुआ था, जब पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान ने चीन के साथ सीमा विवाद सुलझाने के लिए कथित तौर पर बीजिंग को प्रस्ताव दिया।

प्रशांत दीक्षित

## मिला जुला

# मेडिकल कालेज को लेकर अकेले श्रेय देने की कोशिश अनुचित

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

आकांक्षी जिले में शामिल महासमुंद को 100 सीटों के साथ मेडिकल कॉलेज संचालित किए जाने की अनुमति मिल गयी है। जहां तक श्रेय लेने की बात है तो मेडिकल कालेज में 60 प्रतिशत केन्द्र और 40 प्रतिशत राज्य की हिस्सेदारी होती है इसलिए इसका श्रेय अकेले लेना ठीक नहीं। रविवार को सांसद चुन्नीलाल साहू ने पत्रकारों से कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जिले को आकांक्षी जिलों में शामिल किए जाने की पेशकश के तहत देशभर के सभी आकांक्षी जिलों में मेडिकल कॉलेज खोला जाना प्रस्तावित था।

इसी तारतम्य में महासमुंद संसदीय मुख्यालय में मिली सौगात अब पूरी होने जा रही है। मेडिकल कॉलेज को 100 सीटों की अनुमति मिल चुकी है। उन्होंने बताया कि एनएमसी द्वारा की गई। जांच में जो खामियां पाई गई थी। द्य उन्हें दूर कर लिया गया है सिर्फ सिटी स्कैन का कार्य पर गया है। वह भी जल्द ही पूरा हो जाएगा। आगे कहा कि मेडिकल कॉलेज के शुरू होने में लगातार आ रही परेशानियों के मद्देनजर उन्होंने हाल ही में केंद्रीय परिवार कल्याण एवं स्वास्थ्य मंत्री मनसुख भाई मांडविया से मुलाकात की थी जिस पर उन्होंने 24 घंटे के भीतर



अपने अधीनस्थों के माध्यम से पूरी रिपोर्ट मंगाई और जिले सहित क्षेत्रवासियों की सुविधाओं को देखते हुए तत्काल 100 सीटों से मेडिकल कॉलेज खोले जाने की अनुमति प्रदान की।

हर जिले में केंद्र सरकार खोलने जा रही मेडिकल कॉलेज सांसद चुनीलाल साहू ने कहा कि नीट परीक्षा के परिणाम आने से पहले मेडिकल कॉलेज की स्थापना या इसे चालू किए जाने का आदेश जारी हो जाना चाहिए था ताकि नए प्रवेशार्थियों को इससे लाभ मिल पाता। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की योजना है कि आगामी दिनों में प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज खोले जाने हैं जिसके तहत 350 बेड के सर्व सुविधायुक्त निजी अस्पताल भी मांगों को पूर्ण कर मेडिकल कॉलेज खोलने के पात्र होंगे।

राज्य सरकार ने अपने हिस्से की राशि बजट में शामिल ही नहीं की एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि केंद्र के द्वारा संचालित सभी योजनाओं का क्रियान्वयन राज्य शासन के कर्मचारियों और सेटअप का इस्तेमाल कर योजनाओं का क्रियान्वयन पूरे देश में सभी राज्यों में कराया जाता है। 60-40 के अनुपात में राशि प्रत्येक योजना के तहत दी जाती है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा मेडिकल कॉलेज के लिए 2 साल पहले ही 50 करोड़ रुपए सैंक्शन कर दिए गए थे राज्य सरकार के द्वारा इन 2 वर्षों में अपने हिस्से का 40 फ ीसदी भाग बजट में शामिल ही नहीं किया।

### अमित शाह ने किया ऐलान

# 2024 में मोदी ही होंगे पीएम उम्मीदवार

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को पटना में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की विभिन्न मोर्चे की दो दिवसीय संयुक्त राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के समापन सत्र की अध्यक्षता की. बैठक को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा, बीजेपी-जेडीयू 2024 में एक साथ चुनाव लड़ेंगे, नरेंद्र मोदी बीजेपी के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे. 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवारों की चर्चा हमेशा सुर्खियों में रहती है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजनीति



से संन्यास लेने और नए चेहरों को उम्मीदवार बनाने की अटकलें अक्सर लगती रहती हैं.

अमित शाह ने और क्या कहा?

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बीजेपी कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक और जीत हासिल करने की दिशा में प्रयास करें. यह जानकारी पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने दी.

पटना में आयोजित बीजेपी के सभी सात मोर्चों की पहली संयुक्त राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के समापन सत्र को संबोधित करते हुए शाह ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे बूथ स्तर पर दलितों, आदिवासियों और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) जैसे कमजोर वर्गों के लिए मोदी के राजनीतिक समर्थन को लेकर जन जागरूकता बढ़ाएं।

# मेडिकल कालेज का सौगात मिलने पर सांसद साहू का आभार



जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

सांसद चुन्नीलाल साहू के प्रयास से मेडिकल कालेज की मिली अनुमति,महासमुन्द में मेडिकल कॉलेज की अनुमति प्रदान कराने के लिये लोकप्रिय सांसद चुन्नी लाल साहू के अथक प्रयासों से महासमुंद जिले को मेडीकल कॉलेज की सौगात मिली है इसी खुशी को साहू समाज के लोगों द्वारा चुन्नी लाल साहू जी का आभार व्यक्त करते हुए साहू समाज शेर परिक्षेत्र एवं जिला साहू संघ युवा प्रकोष्ठ महासमुन्द द्वारा मान सांसद चुन्नीलाल साहू जी का सम्मान किया गया। यह महासमुंद जिले के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि हैए इसी क्रम में महासमुंद जिले एवं क्षेत्र के सामाजिक बंधुओं द्वारा सम्मान किया गया इस अवसर पर जिला अध्यक्ष धर्मदास साहू तहसील अध्यक्ष तुलस साहू शेर परी क्षेत्र के अध्यक्ष टीकम साहू युवा अध्यक्ष आनंद साहू जितेन साहू नोहर दास साहू कमल नारायण साहू ललित साहू दिग्विजय साहू गोविंद साहू मोरध्वज साहू मोती साहू मोहन साहू देवेंद्र साहू पवन साहू नंदकुमार साहू विकास साहू केवल साहू सालिकराम साहू अनिल साहू मनीष साहू केशव साहू टिकेश्वर साहू सुंदर साहू दूज राम साहू रिखी राम साहू यशवंत साहू नीलकंठ साहू महेंद्र साहू रवि साहू जीपी साहू श्याम कुमार साहू नूतन साहू गिरीश साहू चंदन साहू चमन साहू बड़ी संख्या में साहू समाज के लोग उपस्थित थे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी गिरधर साहू द्वारा दिया गया।

### अस्पताल में मंकीपॉक्स के संदिग्ध मरीज की मौत, केरल सरकार ने दिए जांच के आदेश

**तिरुवनंतपुरम।** केरल सरकार ने मंकीपॉक्स के संदिग्ध मरीज की मौत के कारणों का पता लगाने के लिए जांच करेगी। यह युवक हाल ही में संयुक्त अरब अमीरात से भारत लौटा था। एक दिन पहले ही कथित रूप से मंकीपॉक्स के कारण उसकी मौत हो गई। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने कहा कि मरीज के नमूनों की रिपोर्ट अब तक आई नहीं है। उन्होंने कहा कि मरीज युवा था और उसे कोई और बीमारी या स्वास्थ्य संबंधी कोई अन्य दिक्कत नहीं थी, लिहाज़ स्वास्थ्य विभाग उसकी मौत के कारणों का पता लगा रहा है।

### रोज सुबह बजने वाला ‘भोंपू’ तो अंदर गया, सीएम शिंदे का संजय राउत पर बड़ा हमला

**मुंबई।** शिवसेना के राज्यसभा सांसद संजय राउत की गिरफ्तारी पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने तंज कसा है। एकनाथ शिंदे ने कहा है कि अब रोज सुबह आठ बजने वाला भोंपू तो अंदर चला गया।

# जिला पंचायत सीईओ ने प्रयास एवं मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों को सफलता के टीप दिए

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में सीईओ जिला पंचायत जितेंद्र यादव द्वारा आज जशपुर के प्रयास आवासीय विद्यालय एवं मॉडल स्कूल विद्यालय के परिसर में कैरियर गाइडेंस पर मार्गदर्शन सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक एवं कक्षा 9वीं से 12 तक के सभी विद्यार्थी उपस्थित थे। यादव ने विद्यार्थियों को विभिन्न कैरियर विकल्पों की जानकारी देते हुए डिसिप्लिन के साथ रहने के लिए कहा है। उन्होंने छात्रों से कहा कि डिसिप्लीन और डेडीकेशन के साथ तैयारी करने से उनकी प्रतिभा निखर कर सामने आती है और वो अपने जीवन में सफ ल होते हैं। घरों में परिवार के साथ रहकर तैयारी करने की तुलना में छात्रावास का वातावरण एक बेहतर विकल्प हैए जो भाग्यशाली लोगों को ही मिलता है। इसलिए आप अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने



के लिए आगे बढ़िए। विषय से संबंधित किसी भी तरह की समस्या होने पर अपने शिक्षक से जब आवश्यक्ता पड़े, बिना किसी संकोच के मार्गदर्शन लीजीए।

समय प्रबंधन कैसे करें और अध्ययन के लिए विषयों के चयन का प्रतिदिन क्रम किस तरह बनाना चाहिए। कुछ छात्र उन्हें कठिन लगने वाले विषयों के अध्ययन का क्रम सबसे अंत में रखते हैं। यह देखा गया है कि ऐसे छात्रों के अंदर यह प्रवृत्ति बन जाती है कि वो अपने जीवन की कठिन समस्याओं को अपनी प्राथमिकता के सबसे अंत में रखते हैं। इसलिए कठिन विषयों से बिलकुल भी डरना नहीं चाहिए। जो विषय आपके लिए कठिन हों, वो दूसरों के लिए सरल हो सकते हैं। यादव ने अध्ययन के दौरान एकाग्रता बनाए रखने के कई विकल्प बच्चों को बताते हुए विद्यालय में अध्ययन-अध्यापन के साथ मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग और मेडिटेशन सत्र आयोजित करने के लाभ भी बताए। विषय की बेहतर समझ बनाने, नोट्स तैयार करने और उन्हें याद रखने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा करते हुए उन्होंने कॉन्फिडेंस और ओवर कॉन्फि डेंस में अंतर उदाहरण के साथ स्पष्ट किया। सत्र के अंत में उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों से उनकी समस्याओं के संबंध में चर्चा की और उनके निराकरण के उपाय बताए।



# शबरी नदी से जल लेकर शिवालय पहुंचा जलाभिषेक के लिये कांवड़ियों का जत्था





जोहार छत्तीसगढ़–सुकमा।

सनातन धर्म में सावन को बहुत पावन महीना माना जाता है। शिवभक्तों के लिए ये पूरा महीना भगवान भोलेनाथ की पूजा और आराधना के लिए शुभ होता है। इस साल सावन मास की शुरुआत 14 जुलाई से हो चुकी है। सावन में कांवड़ यात्रा को भी धार्मिक दृष्टि से काफी महत्व दिया गया है। सुकमा में परम्पराओं की शुरुआत करतें हुएं कांवडियों का जत्था सुकमा स्थित शबरी नदी से जल लेकर नगर के मध्य विश्व कर्मा मंदिर से होते हुए नगर के हृदय स्थल पे स्थित महाकाली मंदिर पहुंचा जहा कांवड़ियों का ऐतिहासिक पुष्प माला व आतिस बाजी कर एफ्रि कांवड़ियों का जत्था राम मंदिर पहुंचा जहा से जत्था ज़िले के प्रसिद्ध महादेव मन्दिर शहर से तीन किण्मीण्पर स्थित है महादेव डोंगंडी के नाम से प्रसिद्ध हैं कांवड़ियों का जत्था वहा पहुंच विधि विधान से पुजा कर जलाभिषेक किए। सावन के महीने में शिवालयों में भक्तों का जमा होकर शिव जी की पुजा व पाठ की सनातन परंपरा रही है सावन मास की शुरुआत 14 जुलाई 2022 से हो चुकी है जो 12 अगस्त 2022 तक रहेगा। सावन मास में शिवभक्त भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए कांवड़ यात्रा भी करते हैं। जीसका हम पालन करतें हुए और इस साल कांवड यात्रा 14 जुलाई से प्रारंभ होकर 26 जुलाई तक चलेगी। जिसका हम महिला मण्डली ने पालन करने का निर्णय लिया इस दौरान कांवड़ को एक क्षण के लिए भी धरती पर नहीं रखा जानें के नियम पालन करते यात्रा की शुरुआत किए जो शिवालय में जाकर समाप्त हुआ काबड यात्रा में समस्त नगर वासियों ने भाग लिया।

कावड़ यात्रा की शुरुआत को लेकर कई कथाएं प्रचलित हैं। एक पौराणिक कथा के अनुसार सबसे पहले कांवड़ यात्री श्रवण कुमार को माना जाता है जिन्होंने अपने नेत्रहीन माता–पिता को कांवड़ में बिठाकर संपूर्ण यात्रा पैदल की थी। श्रवण कुमार अपने माता.पिता को हरिद्वार लाए थे और यहां से गंगा का जल लेकर शिवजी का अभिषेक करवाया था। एक अन्य पौराणिक कथा के अनुसार भगवान परशुराम ने सर्वप्रथम गढ़मुक्तेश्वर से नंगे पैर कांवड़ यात्रा करके बागपत के निकट स्थित पुरा महादेव मंदिर में भगवान शिव का गंगाजल से अभिषेक किया।

## एक नजर

### स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में दस्तावेज सत्यापन के तिथि में संशोधन

05 अगस्त 2022 से 08 अगस्त 2022 तक तिथि निर्धारित

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में गैर शिक्षकीय पदों पर सीधी भर्ती हेतु पात्र–अपात्र अभ्यार्थियों की दावा आपत्ति उपरांत मेरिट सूची जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि सहायक ग्रेड 02, सहायक ग्रेड 03, भृत्य एवं चौकीदार के पदों पर भर्ती हेतु दस्तावेज सत्यापन की तिथि में संशोधन करते हुए अब दस्तावेज सत्यापन 05 अगस्त से 8 अगस्त 2022 तक किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि सहायक ग्रेड 02 सहायक ग्रेड 03 के लिये 5 अगस्त 2022 कोए भृत्य व चौकीदार के लिए 06, 07 तथा 08 अगस्त 2022 को दस्तावेज सत्यापन की तिथि निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि उक्त तिथि को प्रातः 10 बजे से स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय जशपुर में सत्यापन किया जाएगा। अभ्यर्थी इस संबंध में अधिक जानकारी जिले की वेबसाईट से प्राप्त की जा सकती है।

### लोहे के धारदार हथियार से ससुर को मारने दौड़ा, आरोपी हुआ गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़–महासमुंद।

जिले के बसना में धारदार हथियार लहराते हुए अपने ससुर को मारने दौड़ा रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक बीते 29 जुलाई की रात सूचना पर पुलिस ग्राम पसेरलेवा पहुंची। डायल 112 के कर्मचारी और लोगों की सहायता से उक्त व्यक्ति को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम वीरेंद्र पटेल बताया। वहां उपस्थित लोगों में से एक जो आरोपी का ससुर था उसने बताया कि उसने आरोपी को शराब पीने से मना किया तो विवाद कर उसे और उसके छोटे दामाद चम्मन नायक को हथियार लेकर मारने दौड़ा रहा था। दामाद चुम्मन नायक, मनीराम पटेल एवं आनंद चौहान द्वारा मना करने पर उन्हें भी हथियार को लहराते हुए मारने पीटने के लिए दौड़ा रहा था। आरोपी के कब्जे से एक धारदार हथियार जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार किया गया।

### एक दर्जन समूह की दीदीयां तैयार कर रही तिरंगा

जोहार छत्तीसगढ़–महासमुन्द।

स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2022 को भारत की आजादी की 75वीं वर्षगांठ आजादी के अमृत महोत्सव पूरा जिला उत्साहित है। इसे लेकर महासमुंद जिले में हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियां भी जोर.शोर से की जा रही हैं। जिले में पहली बार स्व सहायता समूह की दीदीयां तिरंगा तैयार कर रही हैं। इनमें बागबाहरा विकासखण्ड के गणेश, गायत्री स्व सहायता समूह, पिथौरा के संस्कार और गायत्री समूह, महासमुंद की कृष्णा और माया स्व सहायता समूह, सरायपाली ब्लॉक की भगवती और गंगा



समूह की दीदीयां और बसना विकासखण्ड की सरस्वतीए जय माँ दुर्गा सागरपाली और जय माँ दुर्गा बंसुला के साथ गंगा स्व सहायता समूह की एक दर्जन समूह की महिलाएं दीदीयां द्वारा तिरंगे सिलाई का कार्य कर रही हैं। वर्तमान में समूह की महिलाओं को ढाई हजार तिरंगे झण्डे सिलने का ऑर्डर मिला है। विभिन्न विभागों द्वारा और तिरंगे झण्डे बनाने का ऑर्डर और दिया जा रहा है। ये सभी दीदीयां भारतीय झण्डा संहिता के तहत 2002 के दिशा निर्देशों के अनुरूप झण्डा सिलाई का कार्य कर रही हैं। कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने 13 से 15 अगस्त तक हर घर में राष्ट्रीय ध्वज फहराने और इस अभियान में जनभागीदारी की पहल सुनिश्चित करते हुए इसे लोकप्रिय बनाने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। इसकी सफलता के लिए विशेष प्रचार–प्रसार अभियान की शुरुआत की जा रही है। स्कूली छात्रों द्वारा प्रभात फेरियां भी आयोजित की जाएगी। की महिलाओं को एक हजार तिरंगे सिलाई का विभिन्न विभागों से ऑर्डर मिला है। तिरंगा तैयार करने वाली महिलाओं का उत्साह देखते ही बन रहा है। जिला प्रशासन के मुताबिक हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए स्कूल, कॉलेज में विभिन्न प्रतियोगिता निबंध प्रतियोगिता, बाईक रैली सहित अन्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की पहल की जा रही है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर को तिरंगा अभियान से जोड़ा जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा समाज सेवी संगठनों से सम्पर्क कर गरीबों और दिव्यांगों को नि:शुल्क झण्डे मुहैया कराने का प्रयास किया जा रहा है।

# वर्मी कम्पोस्ट का उपयोग कर बढ़ा रहे कृषक

जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।





जिले के विकासखण्ड नवागढ़ के ग्राम चक्रवाय के कृषक निर्मल बघेल के खेत का निरीक्षण वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नवागढ़ के द्वारा किया गया। केन्द्र प्रवर्तित प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत कृषक को कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी मारो के मार्गदर्शन में गोधन न्याय योजनांतर्गत 5 क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट खाद का नि:शुल्क वितरण धान के खेत में प्रदर्शन हेतु दिया गया। लगभग 02 माह बाद कृषक निर्मल बघेल के द्वारा बताया गया कि पूर्व वर्ष की तुलना में खेत की मिट्टी अन्य खेत की मिट्टी की तुलना में नर्म हुई एवं मिट्टी की जलधारण क्षमता में वृद्धि हुई है। सूखे की स्थिति होने पर भी खेत में नमी संचित है एवं धान की फसल अन्य खेत की फसल की तुलना में अधिक हरी दिखाई दे रही है। फसल में कंसे भी ज्यादा हैं एवं कीट व्याधि का भी प्रकोप कम हुआ है। कृषक द्वारा अपने संपूर्ण खेतो में वर्मीकम्पोस्ट खाद का उपयोग करने की रूचि जताई गई। कृषक निर्मल बघेल वर्मी कम्पोस्ट के उपयोग के लाभ से संतुष्ट है।

# जिले के सभी नगरीय निकायों में वृक्षारोपण को जन अभियान बनाने हेतु कृष्ण कुंज का किया जा रहा विकास

जशपुर के कृष्ण कुंज में मुख्य द्वार निर्माण, तार फेंसिंग, अन्य निर्माण कार्य की जा रही सुनिश्चित

जोहार छत्तीसगढ़–



सांस्कृतिक महत्व वाले जीवनोपयोगी वृक्षों का किया जाएगा रोपण

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर छत्तीसगढ़ के सभी नगरीय क्षेत्रों में कृष्ण कुंज विकसित किया जा रहा है। कृष्ण कुंज में बरगद, पीपल, नीम और कदंब जैसे सांस्कृतिक महत्व के जीवनोपयोगी वृक्षों का रोपण किया जाएगा।

जहां आगामी कृष्ण जन्माष्टमी के दिन पूरे राज्य में ष्कृष्ण कुंज के लिए चिन्हित स्थल पर वृक्षारोपण किया जाएगा। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री द्वारा अपनी सांस्कृतिक विरासत एवं वृक्षारोपण को लोगों से जोड़ने व विशिष्ट पहचान देने के लिये इसका नाम कृष्ण कुंज रखा गया है। हमारे देश में बरगद, पीपल, नीम, कदंब तथा अन्य वृक्षों की पूजा करने की अत्यंत प्राचीन परंपरा है। मनुष्य के लिए वृक्षों की अत्याधिक उपयोगिता होने के कारण ही हमारी परंपराओं में इन्हें महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। वृक्षों की अमूल्य विरासत का संरक्षण हम सबका परम कर्तव्य है। इस हेतु मनुष्य के लिये जीवनोपयोगी वृक्षों को नगरीय क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर लगाया एवं संरक्षित करने के लिए कृष्ण कुंज का निर्माण किया जा रहा है। जशपुर जिले के सभी नगरीय निकाय में सभी सीएमओ द्वारा कृष्ण कुंज के लिए आवश्यक तैयारी की जा रही है। इस हेतु लगभग सभी नगरीय क्षेत्रों में लगभग एक एकड़ भूमि का चिन्हाकंन किया गया है। इसी कड़ी में नगर पालिका जशपुर के दरबारी टोली में कृष्ण कुंज विकसित किया जा रहा है। सीएमओ जशपुर द्वारा बताया गया है कि कृष्ण कुंज के लिए चिन्हांकित स्थान पर मुख्य द्वार निर्माण बाउंड्री में तार फेसिंग सहित अन्य निर्माण कार्य किया जा रहा है। उक्त स्थल पर बिजली, पानी की व्यवस्था की भी तैयारी की जा रही है। साथ ही वन विभाग द्वारा बरगद, पीपल, नीम और कदंब जैसे सांस्कृतिक महत्व के पौधे की व्यवस्था की जा रही है।

# जब शहर हमारा सोता है.. ने लूटी वाह-वाही

पैंतीस कलाकारों ने लगातार तीन घण्टे दी प्रस्तुति नाटक की सफलता पर दोबारा मंचन की उठी मांग

जोहार छत्तीसगढ़–राजनांदगांव।



पीयूष मिश्रा के द्वारा लिखे चुभते हुए संवाद और वरिष्ठ रंगकर्मी शरद श्रीवास्तव के कसे हुए निर्देशन में स्थानीय पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में सृजन रंगयात्रा द्वारा नाटक ष्जब शहर हमारा सोता है। का सफल मंचन किया गया, जिसमें अतिथि के रूप में महापौर हेमा देशमुख, कमांडेंट शशिमोहन सिंह, पूनम विराट, कृष्णा श्रीवास्तव और परवेज खान उपस्थित थे। नाटक के कथानक, निर्देशन, अभिनय, मंचसज्जा, रूपसज्जा, वेशभूषा, संगीत और प्रकाश व्यवस्था को दर्शकों ने बेहद सराहा।

जब शहर हमारा सोता है। विषम चरणों के माध्यम से प्रेम और सच्ची करूणा का संदेश देता है। खंजर और फनियर दो समूह हैं जिनमें जमीन के टुकड़े के लिए कुछ विवाद होते हैं। यह नाटक समाज में प्रेम और शांतिपूर्ण वातावरण के महत्व को दर्शाता है। यह शहर ढाई अक्षर का लफ्ज ईश्क के बारे में है। शहर कबूतरों के बारे में है। शहर गुलाब की सुगंध बगुले की फड़फ ड़ाहट, कोयल की चहचहाहट और मोर के नाच के बारे में है। शहर जवानी के सबसे पहले चुम्बन के बारे में है। नाटक के निर्देशक शरद श्रीवास्तव बताते हैं किए विगत तीन महिनों की लगातार रिहर्सल, पैंतीस कलाकारों की टीम और दो घण्टे चालीस मिनट का समय को लेकर नाटक का मंचन आसान नहीं था।

शहर में इतनी लंबी अवधि का यह पहला नाटक है, जिसमें ज्यादातर नये कलाकारों ने विभिन्न भूमिकाएं निभाई हैं। नगर के सुधि दर्शकों से नाटक को वाहवाही भी लगातार मिल रही है और दुबारा मंचन की भी मांग उठ रही है। रंगकर्म के क्षेत्र में अपनी अलहदा मिसाल कायम कर चुकी नगर की सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था सृजन रंगयात्रा द्वारा द ट्रायो के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में रंगकर्मी स्व. प्रमोद शर्मा, शोएब अली और, रवि रंगारी को सृजन रंगयात्रा के कलाकारों द्वारा श्रद्धांजली भी दी गई। नाटक में अंटा, चींटा, ऐंवई, सूजा बावरा, डीजल, जैसे पात्रों को सृजन रंगयात्रा के कलाकार रागिनी स्वर्णकार, ललित मानकर, विपिन ठाकुर, आमोद श्रीवास्तव, विनोद गौतम, उत्कर्ष श्रीवास्तव, सुरभि श्रीवास्तव, नीरज उके, शाहरूख शेख, दीपिका दवे, नागेश पठारी, आर्यन हरिहारनो, काजल शुक्ला, आयुष श्रीवास्तव, राहुल शर्मा, भूमिका सिन्हा, नवीन निर्मलकर, आयुष शुक्ला, ऋषभ सिन्हा, निखिल फूले, सम्यक शेण्डे और शरद श्रीवास्तव ने जीवंत किया।





# बालाछापर और बहनाटंगर गौठान में 14 लीटर गौमूत्र खरीदी किया गया

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।

हरेली त्यौहार के अवसर पर जशपुर विकासखंड के बालाछापर और पत्थलगांव विकासखण्ड के बहनाटांगर गौठान में छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना गौमूत्र खरीदी का शुभारंभ किया गया था। इसी कड़ी में गौठानों के माध्यम से गौमूत्र की खरीदी निरंतर की जारी है। पशुपालन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार बालाछापर गौठान में अब तक समूह द्वारा 14 लीटर गौमूत्र की खरीदी की गई है और 7 लीटर गौमूत्र उत्पादन तैयार किया गया है। इसी प्रकार पत्थलगांव विकासखण्ड के बहनाटांगर में 10 लीटर गौमूत्र की खरीदी की गई है। उल्लेखनीय है कि महिलाओं को गांव में ही आर्थिक मजबूती देने के लिए गोठान को मिनी उद्योग के रूप में विकसित किया गया है। पशुपालन विभाग के पशु चिकित्सकों द्वारा समूह की महिलाओं को गौमूत्र से जैविक कीटनाशक बनाए जाने की विधि के संबंध में जानकारी दी जा रही है। विभाग द्वारा बताया जा रहा है कि 10 लीटर गौमूत्र में 2 से 3 किलोग्राम नीम पत्ती, 2 किलोग्राम सीताफल की पत्तियां, 2 किलोग्राम पपीता की पत्तियां, 2 किलोग्राम अमरूद की पत्तियां, 2 किलोग्राम करंज की पत्तियां को उबालकर उसे छानने के उपरांत बोतल में पैकिंग किया जाता है। इसी प्रकार उन्होंने बताया कि जीवामृत बनाने हेतु 10 लीटर गौमूत्र में 200 लीटर पानी तथा 10 किलो गोबर 1 किलो गुड़, 1 किलो बेसन, 250 ग्राम मिट्टी मिलाकर 48 घंटे तक छाया में रखने के अंतराल में 4 से 5 बार डंडे से चलाने के उपरांत जीवामृत तैयार कर लिया जाता है।



**गौमूत्र से जीवामृत और जैविक कीटनाशन बनाया जा रहा है**

# बाबा कुटिया कापा करगी खुर्द में पार्थिव शिवलिंग का हुआ निर्माण

1 से 8 अगस्त तक कार्यक्रम का होगा आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़–रतनपुर।






बाबा कुटिया ग्राम मरही कापा करगी खुर्द कोटा में पंडित अभिषेक गौतम जैसीनगर के आचार्यत्व में तथा बाबा कुटिया के पूज्य संत राजारामदास महाराज के नेतृत्व एवं देखरेख में पार्थिव शिवलिंग निर्माण का कार्यक्रम पहली बार 1अगस्त 2022 से 8 अगस्त 2022 सोमवार तक किया जा रहा है। पार्थिव रूद्र निर्माण प्रतिदिन सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा सायं काल 3 से 6 बजे तक किया जाएगा। इस आयोजन के लिए ग्राम एवं करगी खुर्द,करगी कला, कोटा एवं आसपास के समस्त ग्रामों के शिव भक्तों से पूज्य संता राजाराम दास ने अनुरोध किया है कि बाबा कुटिया में आकर पार्थिव रूद्र निर्माण कर अपना जीवन कृतार्थ करें। साथ ही तन–मन एवं धन से सहयोग कर पुण्य के भागीदार बनें। 1अगस्त 2022 से 8 अगस्त 2022 तक होने वाले पार्थिव रूद्र निर्माण हेतु सवा लाख रूद्र निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक कार्यक्रमआयोजित है उल्लेखनीय है ग्राम करगी खुर्द से 1 किलोमीटर की दूरी पर बाबा कुटिया में हनुमान महाराज,माता रानी दुर्गा और भगवान भोलेनाथ का मंदिर है। जहां प्रतिदिन सायंकाल सायंकाल भजन कीर्तन का कार्यक्रम होता है। बाबा कुटिया से जुड़े हुए सभी भक्तों ने आसपास के ग्रामीण जनों से निवेदन किया है कि पार्थिव रूद्र निर्माण कार्यक्रम में शामिल होकर सवा लाख रूद्र निर्माण कर पुण्य के भागीदार बनें। सुरेश कुमार चौहान,अमन,संजू भाई,हीरा राम,विजय साहू,ओम प्रकाश सेंगर,संतोष, रोहित,डॉक्टर साहू,आदित्य दीक्षित,रवि सिंह बघेल, शिवशंकर नामदेव, प्रमोद कुमार सिमरे,घनश्याम तिवारी, दीपक चौकसे,संतोष कुमार केशरवानी,अंकित कुमार, पम्मी बाजपेई,सुधा त्रिवेदी,सुशीला,अमिता आदि ने आग्रह किया है कि मातृ शक्तियों सहित सपरिवार कुटिया में पंहुच कर रुद्रनिर्माण में शामिल होकर पुण्यलाभ प्राप्त करें।

# गांव से शहर तक वस्तुओं की मांग और आपूर्ति पर फोकस करते हुए ग्रामीण औद्योगिक पार्क में नवीन आजीविका गतिविधियों की बनाएं योजना-कलेक्टर

कलेक्टर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक दिए आवश्यक दिशा–निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़–कोरिया।




कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने आज जिला पंचायत के मंथन सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिला पंचायत सीईओ कुणाल दुदावत, जनपद पंचायत सीईओ, कार्यपालन अभियंताए ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग तथा सभी संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। समीक्षा बैठक में कलेक्टर शर्मा ने सुराजी गांव योजना नरवा, गरवा, घुरवा अऊ बाड़ी तथा गोधन न्याय योजना की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिले में नरवा विकास के कार्यों में तेजी लाएं, उन्होंने सभी मनरेगा पीओ को नरवा साइट का अवलोकन कर नरवा संरक्षण में उपयोगी संरचनाओं के निर्माण की योजना बनाने कहा जिससे आस–पास के किसानों को सिंचाई सुविधा में सहूलियत हो। गौमूत्र से बनेंगे जीवामृत एवं ब्रह्मास्त्र कीटनाशक, कलेक्टर ने इसके सफल क्रियान्वयन के दिये निर्देश,गोधन न्याय योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी सीईओ जनपद पंचायत से गौठानों में गोबर खरीदी की जानकारी लीए उन्होंने कहा कि सक्रिय गौठानों में प्रतिदिन नियमित रूप से खरीदी की जाए। उन्होंने शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य प्रतिदिन प्रति गौठान 2 क्विंटल गोबर खरीदी किए जाने के निर्देश दिए। इसी क्रम में हरेली त्यौहार से जिले के दो गौठानो में शुरू किए गए गौमूत्र खरीदी की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशानुरूप इसपर विशेष ध्यान दें। गौमूत्र से उत्पादित जीवमृत एवं ब्रम्हास्त्र के निर्माण तथा विक्रय की योजना बनाएं। कलेक्टर शर्मा ने बैठक में गौठानो में चारागाह विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए उपसंचालक पशुधन विकास विभाग को चारागाहों की उत्तम व्यवस्था करते हुए गौठानो में नेपियर घास लगाए जाने के निर्देश दिए। जिले में बनाए गए 10 ग्रामीण औद्योगिक पार्क में नवीन गौठान गतिविधियों संचालित की जाएं। शहरी क्षेत्रों तक वस्तुओं की मांग और आपूर्ति पर फोकस कर नवीन परिपेक्ष्य में गतिविधियों की योजना बनाएं। महात्मागांधी नरेगा योजना अंतर्गत निर्मित संरचनाओं का अवलोकन कर गतिविधियां प्रारंभ कराएं।

**गौमूत्र से बनेंगे जीवामृत एवं ब्रह्मास्त्र कीटनाशक, कलेक्टर ने इसके सफल क्रियान्वयन के दिये निर्देश**

**मत्स्य उत्पादन पर फोकस, कलेक्टर ने इस दिशा में ठोस कदम बढ़ाने के दिये निर्देश**

कलेक्टर शर्मा ने बैठक में आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत स्वीकृत तालाब निर्माण की समीक्षा करते हुए कहा कि डबरी–तालाबों का निर्माण बेहतर हो। उन्होंने कहा कि जिले में मत्स्य उत्पादन बढ़ाएं, मत्स्य उत्पादन से ग्रामीणों को अतिरिक्त आमदनी का जरिया मिलने के साथ आर्थिक लाभ होगा। हितग्राहियों को विभाग की ओर से आवश्यक सामग्री जैसे जाल, आइसबॉक्स आदि उपलब्ध करायी जाए।

### वर्षाजल संग्रहण के लिए सोखता गड्ढा निर्माण पर विशेष चर्चा

*जिले में स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि सुजलाम अभियान के तहत सोखता गड्ढा निर्माण कराएं, वर्तमान समय में अल्पवर्षा की स्थिति में जलआपूर्ति हेतु यह महत्वपूर्ण है।*

# सोना एवं चांदी के जेवरात कीमती करीबन 5,00000 सहित एक युवक पुलिस के गिरफ्त में

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक बेमेतरा पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा के मार्गदर्शन पर संपत्ति संबंधी अपराधो पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु आसूचना तंत्र मजबूत करने, सतत पेट्रोलिंग एवं गस्त सुदृढ कर संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियो पर निगाह रखने आवश्यक दिशा, निर्देश दिया गया है। जिसके तहत 31 जुलाई 2022 को थाना बेमेतरा स्टाफ को पेट्रोलिंग के दौरान जरिये मुखबिर से सूचना मिली कि बेमेतरा वार्ड नं. 17 का रहने वाला हिमांशु ऊर्फ हनी शर्मा नामक व्यक्ति बाजार पारा सराफ I मार्केट बेमेतरा में चोरी के सोने चांदी के आभुषण बेचने के फिराक में घुम रहा है कि सूचना पर बेमेतरा पुलिस मौके पर पहुचकर हिमांशु ऊर्फहनी शर्मा को बाजार पारा सराफा मार्केट बेमेतरा से संदिग्ध हालत में मिला जिसे हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर बताया की सोशल साईड के माध्यम से बिलासपुर के एक महिला से जान पहचान हुआ था। जिसके बाद वह उनके यहा आना जाना करता था इसी बीच करीबन 15 दिन पूर्व उनके यहा बिलासपुर से चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी के पेश करने पर सोना चांदी के जेवरात 4 जोडी सोने का झुमका, 02 सोने की रींग, 01 जोडी सोने का टाप, 02 नग सोने का डोलना, 01 जोडी सोने का बाली, 09 नग सोने का गेहू दाना कुल 09 तोला सोना कीमती करीबन 4,80,000 रूपये एवं 01 चांदी का करधन 256 ग्राम कीमती करीबन 20,000 रूपये को चोरी की संपत्ति होने के संदेह पर धारा 41;1.4 जाफ ौ 379 भादवि के तहत जप्त कर कार्यवाही की गई है।





उक्त जप्त 09 तोला सोना एवं 01 चांदी का करधन 256 ग्राम जुमला कीमती करीबन 5,00,000 रूपये आंकी गई है। आरोपी हिमांशु ऊर्फ हनी शर्मा पिता अशोक शर्मा उम्र 28 साल साकिन वार्ड नं. 17 नयापारा दुर्ग रोड बेमेतरा को विधिवत गिरफ्तार कर 01 अगस्त 2022 को माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक प्रेम प्रकाश अवधिया, प्रधान आरक्षक रविन्द्र तिवारी, नोहर यादव, हेमंत साहू, अवधेश सिंह, आरक्षक राहुल यादव, राजेश ध्रुव, शिव कुमार सेन, मुकेश माहिरे, रामगोपाल निषाद, संदीप साहू एवं अन्य थाना स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

## एक नजर

### प्रतिभावान छात्र हिमांशु बैसवाड़े का 16 वर्ष की अल्पायु में दुःखद निधन

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

सरस्वती शिशु मंदिर रतनपुर की आचार्या माधुरी बैसवाड़े के भतीजे एवं विद्यालय के पूर्व मेघावी छात्र हिमांशु बैसवाड़े पिता संतोष बैसवाड़े माता शिवकुमारी बैसवाड़े के 16वर्ष की अल्पायु में आकस्मिक निधन हो गया। शांत एवं कुशाग्र बुद्धि के होने के कारण सबके चहेते रहे हिमांशु का आकिस्मक अवसान सबके लिए दुखद रहा। सरस्वती शिशु मंदिर रतनपुर मे शोकसभा आयोजित कर अपने प्रिय हिमांशु को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। हिमांशु के आकस्मिक निधन पर भैया बहनों ने भी दो मिनट का मौन धारण कर अपनी भावांजलि अर्पित की। बालकृष्ण मिश्रा,प्रदीप वैष्णव, रमाकांत गुप्ता, पवन विश्व कर्मा, किशोर शर्मा, गयाप्रसाद प्रधान मुकेश श्रीवास्तव सहित नेताजी सुभाषचंद्र बोस विद्या मंदिर,रतनपुर, सरस्वती शिशु मंदिर रतनपुर एवं शहीद नूतन सोनी शाउमा विद्यालय रतनपुर के शिक्षक शिक्षिकाओं ने हिमांशु के घर जाकर माता-पिता को इस अपूरणीय क्षति के लिए ढांढस बधांते हुए अपनी शोक सवेंदना प्रकट की।



### पुलिस ने फिर दबोचे, दो गांजा तस्कर, साढ़े 6 लाख का गांजा बरामद

बोलेरों पिकअप वाहन में किया जा रहा था गांजा परिवहन

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

पड़ोसी राज्य उड़ीसा से प्रतिबंधित मादक पदार्थ गांजा की तस्करी पुलिस द्वारा शख्ति से की जा रही लगातार धरपकड़ के बाद भी गांजा तस्करों की गतिविधियां रुक नहीं पा रही है। प्रतिबंधित गांजा के उत्पादन, क्रय विक्रय और परिवहन के लिए 20 साल के कारावास एवं 100000 तक के जुर्माना का प्रावधान होने के बाद भी गांजा तस्करों की गतिविधियां रुक नहीं पा रही है। जिले की बसना पुलिस ने कल 31 जुलाई को पदमपुर रोड में पलसापाली बैरियर के पास वाहन चेकिंग के दौरान महिंद्रा बोलेरो पिक अप वाहन क्रमांकमान ओ.डी 17 वीं 5442 को रोका। वाहन में 2 लोग सवार थे। जिनमें एक ने अपना नाम उत्तम गेजा पिता परक्षित गेंदा उम्र 32 साल निवासी ग्राम भालिया पदर, थाना मुनूमुंडा जिला बौद्ध उड़ीसा बताया। दूसरे ने अपना नाम शंखधर सेठी पिता अक्षय सेठी उम्र 20 साल निवासी ग्राम जगति थाना व जिला बौद्ध उड़ीसा बताया। पुलिस ने जब वाहन रखें प्लास्टिक बोरी की की जांच की तो 32 किलो प्रतिबंधित गांजा बरामद किया गया । जप्तशुदा गांजा की कीमत 640000 बताई गई है। अलावा इसके 500000 कीमत के बोलेरो वाहन तथा दो ना टच स्क्रीन मोबाइल एवं पंजाब नेशनल बैंक का एक एटीएम भी बरामद किया गया। आरोपियों के खिलाफ 20 ख 29 नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# हजारों कांवरियों ने किया गंधेश्वर महादेव का अभिषेक

पूरा सिरपुर भगवामय नजर आया

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

सावन के तीसरे सोमवार को सिरपुर का गंधेश्वरनाथ महादेव मंदिर कांवरियों के जयकारों से गूंज उठा। हजारों की संख्या में पहुंचे कांवर यात्रियों की भीड़ से सिरपुर केसरिया रंग में रंगा नजर आया। यहां करीब सवा 6 हजार से भी अधिक कांवर यात्री जलाभिषेक करने पहुंचे थे जिनकी भीड़ से मंदिर खचाखच भरा रहा। सुबह 4 बजे से कांवरियों ने जलाभिषेक प्रारंभ हुआ जो दोपहर तक जारी रहा। पहले और दूसरे सोमवार की अपेक्षा इस सर्वाधिक भीड़ रही। कांवर यात्रियों को भीड़ को देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि आगामी सावन माह के चौथे और अंतिम सोमवार को कांवर यात्रियों की संख्या दोगुनी हो सकती है। मंदिर समिति के अनुसार सुबह 10 बजे तक सिरपुर में करीब 6 हजार से अधिक कांवर यात्री पहुंच चुके थे और अन्य कांवरियों के पहुंचने का सिलसिला जारी था। इधर, सोमवार के चलते शिवालयों में भी भारी भीड़ रही। शहर सहित कनेकेरा, दलदली और बम्हनी मोंदर में सुबह भक्तों ने विधिवत पूजा.अर्चना की।



# कलेक्टर ने दी निर्वाचक नामावली के अधिप्रमाणन के लिए आधार डेटा संग्रहण की जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

निर्वाचक नामावली वोटर लिस्ट के अधिप्रमाणन के लिए आधार डेटा संग्रहण कार्यक्रम 01 अगस्त 2022 से प्रारंभ हो गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने आज यहां कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों से रु.ब.रु हो कर इस कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा कि मतादाताओं के पहचान की पुष्टि के लिए आधार नम्बर लिए जाने हैं। जो व्यक्ति वास्तविक मतदाता है। इसके लिए शिविर भी आयोजित किए जायेंगे। प्रपत्र-6बी फार्म को बूथ लेवल अधिकारी बीएलओ द्वारा भरा जायेगा। तहसीलदार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जो कि रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी होंगे जो किसी मतदाता की सार्वजनिक पहचान उजागर नहीं करेंगे। कलेक्टर ने यह भी बताया कि यह मतदाताओं की इच्छा पर निर्भर रहेगा। यदि कोई मतदाता अपना आधार नहीं देता है तो मतदाता सूची से नाम नहीं कटेगा। फि र भी हमारा प्रयास रहेगा कि जिले के शत-प्रतिशत मतदाता का आधार लिंक हो। 04 सितम्बर 2022 रविवार को प्रत्येक ग्राम पंचायत भवन में शिविर आयोजित किया जायेगा। यदि किसी के पास आधार कार्ड नहीं है तो उसके लिए वैकल्पिक दस्तावेज के रुप में मनरेगा जॉब कार्ड, पेनकार्ड, बैंक पासबुक, स्वास्थ्य का स्मार्टकार्ड, चालन अनुज्ञप्ति आदि में से किसी एक की प्रति को जमा करने हेतु कहा जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह भी बताया कि आयोग द्वारा पहले 01 जनवरी के मान से नया मतदाता सूची तैयार की जाती थी अब 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर की तिथियों में मतदाता की आयु 18 वर्ष पूर्ण हो गई है तो वह मतदाता बनने के लिए पात्र माना जायेगा।



तृतीय लिंग थर्ड जेन्डर अपने विधिक संरक्षक के रुप में अपने गुरु का नाम दे सकता है। प्ररूप 7 विद्यमान निर्वाचक नामावली में नाम को सम्मिलित करने के प्रस्ताव पर आक्षेप/हटाने हेतु मतदाता आवेदन के प्ररूप 7 में संक्षिप्त संषोधित करते हुए निर्वाचक की मृत्यु की स्थिति में आवेदन के साथ मृत्यु प्रमाण पत्र को संलग्न करने का प्रावधान किया गया है। 05 जनवरी 2023 को नई मतदाता सूची का प्रकाशन किया जायेगा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर डॉ.अनिल बाजपेयी, उप संचालक जनसंपर्क विभाग छगन लोन्हारे, डिप्टी कलेक्टर सुश्री हीरा गवर्ना, सहायक सूचना अधिकारी राहुल बघेल सहित प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार उपस्थित थे। नए वोटर आईडी कार्ड के संबंध में जानकारी.नए वोटर आईडी कार्ड कई सिक्योरिटी फीचर्स के साथ बनेंगे। इनमें क्यूआर कोड, माईक्रो टेक्स्ट, गुईल्लोचे पैटर्न, होलोग्राम व घोस्ट ईमेज रहेंगे। पुणे महाराष्ट्र की एम.टेक इनोवेशन को यह एपिक कार्ड प्रिंट करने का काम दिया गया है। होलोग्राम कर्नाटक के मणिपाल टेक्नॉलाजिस द्वारा बनाया जाएगा। वोटरो तक इसे पहुंचाने डॉक विभाग से एमओयू हुआ है। वोटरों को नए कार्ड के साथ वेलकम लेटर, वोटरगाइड, प्लेज व एनवलप भी दिया जाएगा।

आवश्यकता है

| | | पद |
|---|---|---|
| 1. समाचार रिपोर्टर | - | 3 |
| 2. कम्प्यूटर आपरेटर | - | 1 |
| 3. ऑफिस कार्य के लिए | - | 3 |

वेतन योग्यतानुसार

इच्छुक युवक/युवति अपना बायोडाटा के साथ संपर्क करें।

दैनिक जोहार छत्तीसगढ़
कार्यालय धरमजयगढ़
मो, 9479177711, 7489419194 ,7879121221

# हिंदू सेना ने निकाली भव्य कांवड़ यात्रा

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।





सावन के माह पवित्र माह में जहां भोले बाबा को हर कोई अपने पूजा आराधना से प्रसन्न करने में लगा हुआ है ऐसे में हिंदू सेना ने अपने हजारों पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं महिलाओं बच्चों के साथ भव्य कावड़ यात्रा निकाला आपको बता दें कि हिंदू सेना हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य कावड़ यात्रा हल्दीबाड़ी के बगनच्चा से जल भरकर पैदल लगभग 10 से 12 किलोमीटर गोदरीपाड़ा हनुमान मंदिर में स्थापित विशाल शिवलिंग पर जलाभिषेक किया इस कावड़ यात्रा में हिंदू सेना के पदाधिकारी और साथी गण नंगे पैर चिलचिलाती धूप में आराध्य देव महादेव का जयकारा लगाते हुए पूरे हर्षोल्लास के साथ कावड़ लेकर निकल पड़े और हनुमान मंदिर गोदरीपारा शिवलिंग पर जलाभिषेक किया गया इसी बीच पुलिस प्रशासन का भी सहयोग बहुत अच्छा रहा पुलिस ट्राफिक व्यवस्था को बेहद सावधानीपूर्वक बनाए रखें जिसमें से कावड़ यात्रियों को कोई दिक्कत ना हो सके उसका पूरा ध्यान रखा गया इसी तरह से कांवड़ यात्रा में शामिल हुए सभी कांवड़ियों ने प्रभु महादेव का जयकारा लगाते हुए इस कांवड़ यात्रा को संपन्न किया इस कावड़ यात्रा में मुख्य रूप से प्रदेश महामंत्री भारती सिंह, आशा सिंह, निर्मला, सुनीता, दुर्गावती, नेहा, रानी एवं कई अन्य पदाधिकारी महिला उपस्थित रहे इन सभी का कार्य बेहद सराहनीय और प्रशंसनीय रहा इसी तरह से हिंदू सेना के जिला अध्यक्ष राजेश यादव अजय पांडे सूरज देवांगन ध्यान सिंह ओम शुक्ला विवेक चौहान विक्रम सिंह मोंटूए चंद्र प्रताप, परमजीत सिंह का विशेष योगदान रहा।




# एक ट्रक ने दूसरे ट्रक को मारी टक्कर

घटना के बाद ड्रायवर कंडक्टर फरार




जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

सुबह तड़के नेशनल हाईवे 353 में बेलसोंढा रेल्वे क्रासिंग के पास हनुमान मंदिर के सामने रायपुर की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार अनियंत्रित वाहन क्रमांक सीजी 04 एनटी 5667 ने रायपुर की ओर जा रही एक अन्य वाहन एपी 39 वीई 7784 को जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद रायपुर से आ रही वाहन के चालक और परिचालक वाहन छोड़कर भाग गये। इस गाड़ी का ड्रायवर वाला हिस्सा सामने से बूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। जबकि दूरे वाहन के डाले को क्षति पहुचने के अलावा डीजल टंकी भी बूरी तरह टूट फूट कर डीजल सड़क पर बह गया।

# सुकमा में राज्य स्तरीय जूनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

कलेक्टर, एएसपी की जोड़ी ने सुकमा नगरपालिका अध्यक्ष साहू एवं कवासी बोंके के साथ खेला उद्घाटन मैच

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

जिला मुख्यालय स्थित नव निर्मित कवासी हड़मा इंडोर स्टेडियम में छत्तीसगढ़ राज्य 21वीं जूनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। सुकमा जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग, बीजापुर, जगदलपुर, दंतेवाड़ा तथा अन्य जिलों से चयनित बैडमिंटन खिलाड़ी अंडर 19 आयु वर्ग में भाग ले रहे हैं। 05 अगस्त तक चलने वाले इस स्पर्धा के अंर्तगत एकल एवं युगल मैच आयोजित किया जाएगा जिसमें करीबन 120 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। उद्घाटन मैच जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष जगन्नाथ साहू, एवं वरिष्ठ नागरिक कवासी बोंके की टीम ने कलेक्टर हरिस एस एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओम चंदेल के साथ खेलकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। सुकमा नगरपालिका अध्यक्ष, एवं सुकमा जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष जगन्नाथ साहू ने विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा किए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की मेजबानी का अवसर मिलना इस बात का प्रमाण है कि सुकमा में खेलों को बढ़ावा देने के लिए बेहतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया और कहा कि आप जैसी सोच सुकमा को लेकर रखते है। सुकमा उसके विपरीत है। अब यहां युवा खेलों में जिले का नाम रोशन कर रहे है। आप सभी खिलाड़ी सुकमा के इस बदलते स्वरूप को जरूर अपने परिजनों, मित्रों के साथ साझा करिएगा।



**लगभग 120 बैडमिंटन खिलाड़ी के रहे हिस्सा**

कलेक्टर हरिस एस ने उद्घाटन समारोह के अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि सुकमा जिले में खेलों को प्रोत्साहित करने के साथ ही यहां के युवाओं को खेलों में बेहतर प्रशिक्षण देकर उनके हुनर को तराशा जा रहा है। खेलों को प्रोत्साहन मिलने और खिलाड़ियों को बहते अवसर प्रदान होने से युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ेगी। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को स्पर्धा में बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी।





# जाह्नवी कपूर ने बवाल की शूटिंग पूरी की

बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर ने अपनी आने वाली फिल्म 'बवाल' की शूटिंग पूरी कर ली है। वरुण धवन और जाह्नवी कपूर जल्द ही फिल्म 'बवाल' में साथ नजर आने वाले हैं। फिल्म की शूटिंग इन दिनों पोलेंड के वारसॉ में चल रही हैं। यह फिल्म नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही है। जाह्नवी ने अपने हिस्से की शूटिंग खत्म कर ली है। जाह्नवी कपूर ने सेट की अपनी जर्नी को एक इमोशनल नोट के जरिए सबके साथ सोशल मीडिया पर शेयर किया हैं।

जाह्नवी कपूर ने लिखा, नितेश सर और साजिद सर को पीछा करने से लेकर यह सुनिश्चित करने के लिए कि मुझे यह फिल्म मिले, जुनूनी रूप से प्रार्थना करने के लिए कि ऐसा हो, खुद को हर रोज पिंच करने तक कि वास्तव में मैं इसकी शूटिंग कर रही हूं, अंत में इसे रैप करने के लिए। जाह्नवी ने लिखा, मुझे अभी भी विश्वास नहीं हो रहा है कि मैं इस होलसम, हार्टफेल्ट दुनिया का हिस्सा बनने के लिए लकी फील कर रही हूं जिसे नितेश सर ने बनाया है। मैंने आपसे बहुत कुछ सीखा हैं सर, फिल्मों के बारे में और प्यार से फिल्में बनाने के बारे में, लेकिन इससे भी कही ज्यादा एक ऐसे व्यक्ति होने की वैल्यू के बारे में जाना जो इस तरह के सम्मान और ईमानदार वैल्यूज के साथ अपना जीवन व्यतीत करता है। वरुण, मैं हमेशा मेरे लिए और उन सभी सामान्य चीजों की तलाश करने के लिए धन्यवाद कह सकती हूं जो सच हैं।

मैं वास्तव में यह कहना चाहती हूं कि हालांकि हम अक्सर असहमत होते हैं और एक-दूसरे को नाराज करते हैं, निशा हमेशा अज्जू की टीम में रहेगी। और हमेशा आपकी तरफ रहेंगी और ऐसे रेस्तरां भी खोजें जिनमें आपके लिए सैल्मन टार्टरे या ग्रिल्ड चिकन हो। मैं अपनी टीम में हर उस व्यक्ति पर निबंध लिख सकती हूं जिसने इस फिल्म को मेरे लिए इतना खास बनाया है, लेकिन मुझे लगता है कि एक शब्द सीमा हैज । बैक टू रिएलिटी! बवाल गौरतलब है कि फिल्म बवाल साजिद नाडियाडवाला द्वारा निर्मित है और अर्थस्काई पिक्चर्स द्वारा सह-निर्मित है। यह फिल्म 07 अप्रैल, 2023 को रिलीज होगी।

# नए म्यूजिक वीडियो कई मर्तबा के साथ धूम मचाने को तैयार सुज़ाना रेड्डी

सुज़ाना रेड्डी अपने नए म्यूजिक वीडियो कई मर्तबा को लेकर काफी उत्साहित है। और इसे जल्द से जल्द लोगों के बीच पेश करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर धूम मचाने वाली इस दिलकश अभिनेत्री ने कई संगीत वीडियो, विज्ञापनों के साथ-साथ बंगाली और तेलुगु के फीचर फिल्मों को एक प्रमुख महिला के रूप में योगदान दिया है। वह एक रचनात्मक निर्देशक के साथ-साथ एक शांत निर्माता भी हैं। इस साल के अंत में एक प्रमुख महिला के रूप में प्रसिद्ध लेबल के साथ एक फीचर फिल्म शुरू करने जा रही हैं। उत्कृष्ट सामग्री के बूस्ट के साथ शानदार संगीत वीडियो के साथ आने के लिए यह इन दिनों लोकप्रिय चलन है। वरुण कौशिक फिल्म्स प्रोडक्शन हाउस के मालिक वरुण कौशिक ने कई प्रसिद्ध ऐड फिल्में कीं है। अब वे प्रसिद्ध लेबल टी-सीरीज़ से कई मर्ताबा नामक नया संगीत वीडियो पेश करने के लिए तैयार हैं, जिसमें प्रमुख चेहरे सुज़ना रेड्डी, आनंद राजपूत और अरहान अंसारी हैं। इस सुपरहिट ट्रैक में फरहान साबरी और प्रशांत मजूमदार जैसे नामचीन लोगों का भी योगदान है।

बता दें कि सोशल मीडिया स्टार आनंद राजपूत ने हाल ही में अपने आकर्षक व्यक्तित्व से मिस्टर इंडिया का खिताब जीता है। वहीं अरहान अंसारी भी सोशल मीडिया स्टार के रूप में काफी विख्यात हैं। अरहान ने अपने शानदार अभिनय कौशल से अपने दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींचा हैं। इसके अलावा उन्हें कई एड एवं कार्यक्रमों में मशहूर हस्तियों के साथ देखा गया है।

# फरहान अख्तर की फिल्म में सैनिक की भूमिका निभाएंगे इमरान हाशमी



इमरान हाशमी ने अपनी अलग पहचान बनाई है। ये अलग बात है कि ज्यादातर लोग उन्हें बॉलीवुड के सीरियल किसर के नाम से ही जानते हैं। हाल के दिनों में उन्होंने ये छवि तोड़ने की कोशिश भी की है। वह अलग-अलग मिजाज की फिल्मों को साइन कर रहे हैं। अब सुनने में आ रहा है कि उनके खाते में एक और फिल्म जुड़ गई है। वह फरहान अख्तर की अगली फिल्म में सैनिक की भूमिका में नजर आ सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इमरान ने एक मिलिट्री ड्रामा फिल्म साइन कर ली है, जिसे फरहान और रितेश सिधवानी मिलकर बनाएंगे। खबरों की मानें तो इस फिल्म का शीर्षक ग्राउंड जीरो रखा गया है। इसमें पहली बार इमरान सैन्य अधिकारी की वर्दी में पर्दे पर नजर आएंगे। इस फिल्म में वह एक खतरनाक मिशन और ऑपरेशन को अंजाम देते हुए दिखने वाले हैं। उन्हें संवेदनशील स्थिति से निपटने के लिए जम्मू-कश्मीर भेजा जाएगा। जल्द इस प्रोजेक्ट की आधिकारिक घोषणा हो सकती है। खबरों की मानें तो इस फिल्म के निर्देशन का काम मराठी फिल्ममेकर तेजस विजय देवस्कर संभालने वाले हैं। तेजस रकुल प्रीत सिंह की फिल्म छतरीवाली से बॉलीवुड में अपना डायरेक्टोरियल डेब्यू करेंगे। इस फिल्म में रकुल प्रीत एक कॉन्डम टेस्टर का बोल्ड किरदार निभा रही हैं। यह एक महिला केंद्रित फिल्म है, जिसे रॉनी स्क्रूवाला प्रोड्यूस करेंगे।

# न्यू ज़ीलैण्ड में आयरनमैन 70.3 रेस को पूरा करेंगी सैयामी खेर

सैयामी खेर, जो पहले 2020 में नीदरलैंड में आयरनमैन 70.3 रेस में भाग लेने के लिए तैयार थीं, महामारी के कारण इसका हिस्सा नही बन सकीं। जटिल दौड़ में तैराकी, साइकिल चलाना और दौड़ना का एक बोझिल मिश्रण शामिल है।

अपनी फिटनेस के लिए पहचानी जाने वाली लोकप्रिय अदाकारा सैयामी खेर दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में कई मैराथन दौड़ चुकी हैं। खबर यह है कि इस बार, अभिनेत्री न्यू ज़ीलैण्ड में आयरनमैन रेस की चुनौती का सामना करेंगी और इसके लिए उन्होंने अपना प्रशिक्षण भी शुरू कर दिया है! सैयामी पूरी तरह से हेल्थ फ्रीक हैं। वह कसरत करना पसंद करती है और हर तरह से खुद को फिट रखना पसंद करती है - चाहे वह जिम के माध्यम से हो, आउटडोर खेल खेलना हो, तैराकी करना हो, स्वस्थ भोजन करना हो या सामान्य जीवन शैली के विकल्प हों। सैयामी ने कहा, मैंने हमेशा अपने लिए फिटनेस लक्ष्य निर्धारित किए हैं। पूर्ण मैराथन (42 किमी) को बकेट लिस्ट से हटा दिया था लेकिन अगला लक्ष्य आयरनमैन था। मैं इसके लिए पूरी तरह से तैयार थी और नीदरलैंड में 2020 की दौड़ के लिए वास्तव में कड़ी मेहनत की थी। मैं वास्तव में निराश थी कि मैं ऐसा नहीं कर सकी। दौड़ कब होगी, यह जाने बिना अपने आप को प्रेरित रखना मानसिक रूप से बहुत चुनौतीपूर्ण है। शुक्र है कि अब चीजें बेहतर हैं, मैं इसे इस साल के अंत में गोवा में करने का लक्ष्य बना रहा हूं।



## खेल

भारत ने पाकिस्तान को 8 विकेट से रौंदा

# स्मृति मंधाना ने खेली 63 रन की धमाकेदार पारी, 50 गेंद बाकी रहते टारगेट हासिल कर लिया



कॉमनवेल्थ गेम्स में रविवार को विमेंस टी-20 क्रिकेट में भारत ने पाकिस्तान को 8 विकेट से रौंद दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान की टीम ने 18 ओवर में सिर्फ 99 रन बना पाई। भारत के लिए सबसे ज्यादा 2-2 विकेट स्नेह राणा और राधा यादव ने झटके। वहीं, क्क्ष टीम के 3 बल्लेबाज रन आउट हुईं। जवाब में भारतीय टीम ने सिर्फ 2 विकेट खोकर 11.4 ओवर में ही टारगेट हासिल कर लिया। स्मृति मंधाना ने धमाकेदार बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 42 गेंद में 63 रन बना दिए। उनके बल्ले से 8 चौके और 3 छक्के निकले। जेमिमा रोड्रिग्ज ने नाबाद दो रन बनाए।

शेफाली वर्मा ने नौ गेंद पर 16 और एस मेघना ने 16 गेंद पर 14 रन बनाए। पाकिस्तान के लिए तुबा हसन और ओमैमा सोहैल ने एक-एक विकेट लिए। भारत का अगला मुकाबला अब बारबाडोस से तीन अगस्त को होगा।

पाकिस्तानी पारी के दूसरे ही ओवर में पहला झटका लगा और इरम जावेद खाता खोले बिना पवेलियन लौट गईं। उन्हें मेघना सिंह ने आउट किया। इसके बाद 9वें ओवर में स्नेह राणा ने पाकिस्तान को 2 झटके दिए। पहले उन्होंने कप्तान बिस्माह मारूफ को 17 रन पर आउट किया। उसके बाद पूरी तरह सेट हो चुकी मुनीबा राणा को 32 रन बनाने के बाद अपना शिकार बनाया। कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की शुरुआत हार के साथ हुई थी। टूर्नामेंट के पहले ही मैच में भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। पाकिस्तान के खिलाफ पिछले 4 टी-20 मुकाबलों से भारतीय टीम अजेय रही है।

भारत: स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, यास्तिका भाटिया, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), जेमाइमा रोड्रिगेज, एस. मेघना, दीप्ति शर्मा, राधा यादव, स्नेह राणा, मेघना सिंह और रेणुका सिंह ठाकुर। पाकिस्तान: इरम जावेद, मुनीबा अली, ओमानिया सोहेल, बिस्माह माहरूफ (कप्तान), आलिया रियाज, आएशा नसीम, कायनात इम्तियाज, फातिमा सना, तुबा हसन, डियाना बेग और अनम अमीन।

कोहली को जिम्बाब्वे दौरे से भी आराम

# शिखर धवन फिर कप्तान; राहुल त्रिपाठी को मिला मौका, 7 माह बाद दीपक चाहर की टीम में वापसी

**मुंबई।** जिम्बाब्वे दौरे के लिए टीम इंडिया का ऐलान कर दिया गया है। पूर्व कप्तान विराट कोहली को इस दौरे से भी आराम मिला है। जबकि राहुल त्रिपाठी को मौका मिला है और शिखर धवन फिर कप्तान बने हैं। रोहित शर्मा-जसप्रीत बुमराह भी आराम पर हैं। इस बीच केएल राहुल कोविड पॉजिटिव हो गए हैं। साथ ही तेज गेंदबाज दीपक चाहर की चोट से वापसी हो गई है। दीपक ने टीम इंडिया के लिए आखिरी मुकाबला फरवरी में खेला था।




BCCI ने इस टीम का ऐलान जिम्बाब्वे में 3 वनडे मैचों के लिए किया है। टीम 18 अगस्त से 22 अगस्त के बीच ये मुकाबले खेलेगी। सभी मैच हरारे स्पोर्ट्स क्लब पर खेले जाएंगे। ये मैच वनडे सुपर लीग का हिस्सा हैं। जिम्बाब्वे के लिए सीरीज अहम है, क्योंकि इसके पॉइंट्स अगले साल के वनडे वर्ल्ड कप के लिए क्वॉलिफिकेशन के लिए गिने जाएंगे।

## एक नजर

# लिफ्टर बिंद्यारानी ने चांदी के साथ भारत को दिलाया चौथा पदक

**बर्मिंघम ।** भारत की बिंद्यारानी देवी ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में देश के पदकों की संख्या चार करते हुए 55 किग्रा भार वर्ग में रजत जीता। स्वर्णिम मीराबाई के 49 किग्रा में प्रथम स्थान हासिल करने के कुछ देर बाद ही 23 वर्षीय बिंद्यारानी ने 202 किलो भार उठाकर अपने वर्ग में दूसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने सबसे पहले स्नैच में 86 किग्रा के निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी की, और फिर क्लीन एंड जर्क में 116 किग्रा उठाकर नया राष्ट्रीय और राष्ट्रमंडल रिकॉर्ड स्थापित किया।



बिंद्यारानी सिर्फ एक किलो के अंतर से स्वर्ण पदक से चूक गयीं जो नाइजीरिया की अदिजात अदेनिके ओलारिनोये के पास गया। ओलारिनोये ने 203 किग्रा (92 किग्रा + 111 किग्रा) भार उठाकर पहला स्थान हासिल किया।

# भारत को मिला पहला पदक, वेटलिफ्टिंग में संकेत सरगर ने जीता सिल्वर




**बर्मिंघम ।** भारत के युवा भारोत्तोलक संकेत सरगर ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में मलेशिया के अनिक मोहम्मद से सिर्फ एक किलोग्राम के अंतर से हारने के बाद रजत पदक प्राप्त किया। यह बर्मिंघम में भारत का पहला पदक है। 21 वर्षीय संकेत ने 55 किग्रा भार वर्ग के स्नैच राउंड में 113 किग्रा और क्लीन एंड जर्क राउंड में 135 किग्रा सहित कुल 248 किलोग्राम भार उठाया, जबकि अनिक ने स्नैच में 107 और क्लीन एंड जर्क में 142 किग्रा के साथ कुल 249 किग्रा भार उठाया।

संकेत ने क्लीन एंड जर्क राउंड में पहले प्रयास में सफलतापूर्वक 135 किग्रा वजन उठाने के बाद दूसरे और तीसरे प्रयास में 139 के आंकड़े को छूना चाहा, लेकिन वह असफल रहे और अंततः रजत से संतोष किया। इस प्रयास में संकेत के दाएं हाथ में चोट भी आ गयी और वह पदक वितरण के दौरान पोडियम पर बैंडेज बांधे नज़र आये। अपने दूसरे प्रयास में असफल होने के बाद अनिक ने अंतिम प्रयास में 142 किग्रा उठाकर स्वर्ण हासिल किया। श्रीलंका के दिलंका युडागे ने 225 किग्रा (105 स्नैच, 120 क्लीन एंड जर्क) के साथ कांस्य पदक प्राप्त किया। संकेत ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का पहला पदक जीतने के बाद कहा, मैं अपना पदक भारत के स्वतंत्रता सेनानियों को समर्पित करता हूं, जिन्होंने देश की आज़ादी के लिये अपने प्राण न्यौछावर कर दिये।

कॉमनवेल्थ गेम्स का चौथा दिन

# वेटलिफ्टिंग में मेंस 81 KG कैटेगरी का फाइनल शुरू; अजय सिंह पेश कर रहे भारतीय चुनौती




कॉमनवेल्थ गेम्स के चौथे दिन के मुकाबले शुरू हो चुके हैं। अभी वेटलिफ्टिंग में मेंस 81ध्त्र वेट कैटेगरी का फाइनल मुकाबला चल रहा है। अजय सिंह भारतीय चुनौती पेश कर रहे हैं।

इस कैटेगरी में अजय को ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, मलेशिया, कनाडा और इंग्लैंड के वेटलिफ्टर से कड़ी चुनौती मिल सकती है। अजय स्नैच के अपने पहले प्रयास में 135च्त्र वेट उठाने की कोशिश करेंगे। भारत ने अब तक 3 गोल्ड सहित 6 मेडल जीते हैं। मेडल टैली में भारत अभी छठे स्थान पर है। ऑस्ट्रेलिया 22 गोल्ड सहित 52 मेडल जीतकर पहले नंबर पर है। सोमवार को गेम्स के चौथे दिन 28 गोल्ड दांव पर होंगे। इनमें सबसे ज्यादा गोल्ड स्विमिंग में होंगे। जिम्नास्टिक और जूडो में 5-5 गोल्ड और वेटलिफ्टिंग में 3 गोल्ड के लिए मुकाबले होंगे।

## इन खेलों में भारत पेश करेगा दावेदारी

दोपहर 2 बजे से वेटलिफ्टिंग, मेंस 81चद्द ऑल ग्रुप्स कैटेगरी में अजय सिंह भारत की तरफ से गोल्ड की दावेदारी करते हुए नजर आएंगे। दोपहर 2ञ्30 बजे से जूडो मेन 66चद्द के एलिमिनेशन राउंड ऑफ 16 में जसलीन सिंह सैनी एक्शन में दिखेंगे। दोपहर 2ञ्30 बजेञ्ज जूडो मेन 60 चद्द के एलिमिनेशन राउंड ऑफ 16 में भारतीय विजय कुमार यादव उतरेंगे।

# भारतीय महिला कुश्ती टीम ने रचा इतिहास, विश्व कैडेट चैंपियनशिप में जीते 5 स्वर्ण

**रोम ।** भारतीय महिला कुश्ती टीम ने इतिहास रचते हुए विश्व कैडेट चैंपियनशिप में पांच स्वर्ण जीते। भारत ने यहां शुक्रवार को दो स्वर्ण पदक जीते थे, और शनिवार को अपनी पदक तालिका में इजाफा करते हुए तीन और स्वर्ण जीते।

मुस्कान ने 43 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में जापानी प्रतिद्वंद्वी को 10-0 से मात दी। दूसरी ओर, सविता ने 61 किग्रा में अमेरिकी पहलवान को 12-0 से हराकर स्वर्ण जीता। हर्षिता ने 69 किग्रा के फाइनल में जापानी प्रतिद्वंद्वी को 3-1 से हराया। दो पहलवान चोट के कारण कांस्य पदक मुकाबलों में हिस्सा नहीं ले सकीं और भारत को चैंपियनशिप में दूसरे स्थान के साथ संतोष करना पड़ा। जापान ने 180 पॉइंट के साथ पहला स्थान हासिल किया जबकि भारत 149 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। यूक्रेन 112 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। इससे पहले ऋतिका (43 किग्रा) और प्रिया (73 किग्रा) ने शुक्रवार को भारत के लिये स्वर्ण जीते थे।

इस बीच, पांच भार वर्गों में फ्री स्टाइल बाउट भी आयोजित हुए जहां चार भारतीय पहलवानों ने सेमीफाइनल में जगह बनायी। इनमें से तीन सेमीफाइनल मुकाबले में हार गये और केवल सचिन मोर ने 80 किग्रा के फाइनल में जगह बनायी। सचिन स्वर्ण पदक के लिये रविवार को दावेदारी पेश करेंगे।



# बिलासपुर में एक माह में छः मर्डर धारदार हथियार से 18 से अधिक वारदातें, मामूली बात पर हो जाती है चाकूबाजी

## बिलासपुर पुलिस अपराधिक वारदातों में अंकुश लगाने में असफल

**बिलासपुर ।** जुलाई महीने में जिले में मामूली बातों को लेकर छह हत्याएं हो गई। इसमें पत्नी ने रिश्तेदारों के साथ मिलकर पति को मौत के घाट उतार दिया। वहीं, भतीजे ने चाची को जमीन विवाद पर सब्बल मारकर मौत की नींद सुला दी। इसके अलावा अन्य मामले भी तत्कालिक घटनाओं की उपज हैं। गौरतलब है कि जुलाई माह में जिले में हत्या की छह घटनाएं हुई हैं। 17 जुलाई को मस्तूरी के वेदपरसदा में पत्नी ने अपने पिता और भाई के साथ मिलकर पति संतोष साहू की हत्या कर दी। हत्या की वजह पारिवारिक विवाद और लेनदेन था। इसके बाद अपराध को छुपाने के लिए पत्नी ने सिढ़ियों से गिरने की कहानी पुलिस को बताई।

बाद में हुई पूछताछ में पूरा मामला सामने आ गया। इसी तरह 19 जुलाई को रतनपुर में युवक ने दिन दहाड़े सड़क पर अपनी चाची के पेट में सब्बल घुसा दिया। महिला विधवा थी। वह रोजी-मजदूरी कर अपने तीन बच्चों का पालन पोषण कर रही थी। पूछताछ में पता चला कि उनका जमीन का विवाद चल रहा था। युवक की हरकतों की वजह से उसकी चाची उसे पागल कहती थी। इसी बात को लेकर युवक ने हत्या कर दी। 29 जुलाई को चांटीडीह के रामायण चौक में युवक ने मामूली बात को लेकर नाबालिग के पेट में चाकू मार दी। दोस्त जब तक उसे अस्पताल लेकर जाते उसकी मौत हो गई थी। पूछताछ में पता चला कि उनके बीच किसी बात को लेकर गाली-गलौज हुई थी। 29 जुलाई को ही कोटा के घोरामार में युवक की रक्तरंजित लाश मिली है। इसमें अभी तक हत्यारों का पता नहीं चल पाया है। 29 जुलाई को ही सकरी के युवक की रायपुर के अस्पताल में मौ हो गई है। युवक को उसके रिश्तेदार ने चाकू मारकर घायल कर दिया था। उनके बीच बाइक को धक्का देने को लेकर विवाद हुआ था।




### एक महीने में धारदार हथियार से 18 वारदात

*जुलाई महीने में धारदार हथियार के साथ लूट और मारपीट के 18 मामले सामने आए हैं। इसमें छह हत्याएं भी शामिल हैं। चकरभाठा के स्कूल में इंस्टाग्राम में पोस्ट डालने को लेकर नाबालिगों ने छात्र पर हमला कर दिया था। इसके अलावा दामाद ने घर में घुसकर सास और पत्नी पर हमला कर दिया था। अधिकतर मामलों में आरोपित 16 से 25 वर्ष के हैं।*

# ऑल इंडिया लीनेस क्लब के स्थापना दिवस पर फाउंडर डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट ने अपने शुभकामना संदेश में कहा

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

ऑल इंडिया लीनेस क्लब के स्थापना दिवस पर फाउंडर डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि ऑल इंडिया लिनेस की ऑर्गेनाइजेशन के साथ हमने 1 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण किया स्थापना दिवस के अवसर पर लिनेस क्लब मनेंद्रगढ़ समर्पण ने चार्टर फाउंडर क्लब अध्यक्ष पम्मी अरोड़ा का सम्मान नगर पालिका अध्यक्ष प्रभा पटेल द्वारा क्राउन पहनाकर किया साथ ही नगर पालिका अध्यक्ष ने पम्मी अरोड़ा को अपनी शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद देते हुए कहा कि चाहे वह सदस्यता वृद्धि निर्धन कन्या विवाह पर्यावरण मानव सेवा मूक बधिर सेवा स्वच्छता कुपोषण वृद्ध जनों का सम्मान रक्तदान हर क्षेत्र में सेवा भावी कार्य करके क्लब का मान




बढ़ाया अनीता फरमानिया ने स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए अपने शुभकामना संदेश में कहा कि आप अपनी खुद की मेहनत से आगे बढ़ रही है हमारी शुभकामनाएं आपके साथ हैं। लीनेस बहनों द्वारा पौधे एवं उपहार अध्यक्ष को दिया गया सदस्यों ने चीकू संतरा अमरूद लीची के पौधे लगाए एवं पूर्व अध्यक्षों का सम्मान तुलसी के पौधे देकर किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रभा पटेल अनीता फरमानिया रश्मि जायसवाल मधु जैन सविता अग्रवाल बेबी मखीजा प्रीति अग्रवाल प्रतिभा अग्रवाल मधु गायकवाड़ इंदू सैनी दविंदर कौर वर्षा अग्रवाल आदि ने अपना अमूल्य योगदान दिया अध्यक्ष पम्मी अरोड़ा ने सभी बहनों का आभार व्यक्त किया।

एक नजर

# सिरपुर में 7 को भव्य गंगा आरती

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुन्द।

संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर की पहल पर ऐतिहासिक नगरी सिरपुर में पहली बार सावन माह के अंतिम रविवार 7 अगस्त की शाम छह बजे से भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया है। उक्त आयोजन नगर पुरोहित पंडित पंकज तिवारी व विद्वान पंडितों के सानिध्य में मुख्य यजमान संसदीय सचिव चंद्राकर द्वारा सम्पन्न होगा। गंगा आरती को लेकर गंधेश्वर नाथ मंदिर ट्रस्ट कमेटी सिरपुरए अतिरुद्रात्मक महायज्ञ समिति सिरपुर व बोलबम सेवा समिति द्वारा जोरशोर से तैयारी की जा रही है। संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर ने गंगा आरती में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पुण्य लाभ लेने का आह्वान किया है।

# कृष्ण जन्माष्टमी के दिन कृष्ण कुंज में होगा जीवन उपयोगी पौधों का रोपण

* जिले के सभी 6 नगरीय क्षेत्रों में विकसित किए जा रहे कृष्ण कुंज

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुन्द।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर छत्तीसगढ़ के सभी नगरीय निकायों में कृष्ण कुंज विकसित किए जा रहे हैं। महासमुंद सहित 6 नगरीय क्षेत्रों महासमुंद, तुमगांव, बागबाहरा, पिथौरा, बसना और सरायपाली में इसके लिए जमीन चिन्हांकित की गई है। चिन्हांकित भूमि को ठीक कर लिया गया है। जमीन वन विभाग द्वारा आबंटित की गयी है। आगामी कृष्ण जन्माष्टमी के दिन कृष्ण कुंज के लिए चिन्हांकित जमीन पर वृक्षारोपण शुरू होगा। इसमें बरगद, पीपल, नीम और कदंब जैसी सांस्कृतिक महत्व के जीवन उपयोगी पौधों का रोपण किया जाएगा। कृष्ण कुंज के लिए दी गयी जमीन न्यूनतम 1 एकड़ अधिक है। जमीन को समतलीकरण किया जा रहा हैं। पोधों के रोपण के लिए गड्ढे खोदे जा रहे है। टी-गार्ड की व्यवस्था और फेंसिंग आदि लगायी जा रही है। वनमंडलाधिकारी पंकज राजपूत ने बताया कि जिला मुख्यालय के संजय कानन में कृष्ण कुंज के लिए जमीन चिह्नांकित की गयी। कृष्ण जन्माष्टमी के दिन कृष्ण कुंज के लिए चिन्हांकित जमीन पर वृक्षारोपण शुरू होगा। हरियर महासमुंद अभियान के तहत जन भागिता से शहरी क्षेत्र में पौधारोपण की मुहिम चलाई गयी। जिसमें जिले के 6 नगरीय निकायों के कॉलोनियों में घरों के आस-पास चाही गई प्रजातियों के पौधे उपलब्धता अनुसार ट्री-गार्ड के साथ निःशुल्क लगाकर दिए गए।

# बिलासपुर कोनी क्षेत्र में अज्ञात महिला का मिला शव, पहचान करने में जांच में जुटी पुलिस

बिलासपुर । कोनी क्षेत्र में बिरकोना के पास अज्ञात महिला की लाश मिली है। शव दो से चार दिन पुराना होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। पुलिस कपड़ों के आधार पर शव के पहचान में जुटी है। इसके लिए आसपास के थानों को भी सूचना दी गई है।



रविवार की सुबह अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय कोनी के पास कुछ लोगों ने महिला की लाश देखी। इसके बाद कोनी के देसाई मंदिर के पास रहने वाले प्रकाश मानिकपुरी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इस पर पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ की। इस बीच पुलिस ने फोरेंसिक विशेषज्ञ को भी मौके पर बुला लिया। फोरेंसिक विशेषज्ञ ने शव दो से चार दिन पुराना बताया है। मौसम के कारण चमड़ियां गलने लगी थी। पुलिस ने इसकी जानकारी आसपास के थानों को दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा।

# पुरानी रंजिश के चलते चाकू से युवक की हत्या, दो नाबालिग सहित तीन गिरफ्तार

**बिलासपुर ।** रविवार की शाम एसबीआर कालेज के सामने युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना की सूचना पर पुलिस की टीम आरोपित को पकड़ने के लिए सक्रिय हो गई। टीम ने मृतक के साथ मौजूद नाबालिग से पूछताछ के बाद देर रात युवक और दो नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में पुरानी रंजिश पर हत्या की बात सामने आई है।



जूना बिलासपुर के हटरी चौक के पास रहने वाले सतीश तिवारी छात्र थे। रविवार की शाम वे अपने नाबालिग दोस्त के साथ एसबीआर कालेज के पास गए थे। इसी दौरान वहां बाइक सवार तीन लोग आए। इनमें से एक नाबालिग के साथ सतीश की पुरानी रंजिश थी। सतीश ने नाबालिग के पिता पर जानलेवा हमला किया था। इसके बाद से नाबालिग उससे रंजिश रखता था। इसी बात को लेकर नाबालिग ने सतीश से गाली गलौज की। इसका विरोध करने पर नाबालिग ने सतीश के पेट में चाकू मार दिया। चाकू सतीश कि पेट में ही फंस गया था। हमले में घायल सतीश चाकू के साथ भाग कर पास के ही निजी अस्पताल में पहुंचा।

उसके साथ नाबालिग दोस्त भी था। नाबालिग ने घटना की जानकारी डाक्टरों को देकर घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान घायल सतीश की मौत हो गई। घटना की सूचना पर एएसपी राजेंद्र जायसवाल, सीएसपी मंजूलता बाज, सिविल लाइन थाना प्रभारी परिवेश तिवारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने सतीश के दोस्त से पूछताछ की। इससे मिली जानकारी के बाद पुलिस की टीम हत्यारे नाबालिग और उसके साथी समीर खान व नाबालिग की तलाश में जुट गई। देर रात पुलिस ने चार टीम बनाकर हत्यारे और उसके साथियों के ठिकानों पर दबिश देना शुरू कर दिया। रात में ही पुलिस ने हत्या के मामले में मुख्य आरोपित समेत समीर खान (19) व एक अन्य नाबालिग को पकड़ लिया। पूछताछ में पुरानी रंजिश पर हत्या की बात सामने आई है।

### आइजी ने की इनाम की घोषणा

*हत्या की सूचना पर पुलिस की टीम सक्रिय हो गई थी। रात में ही एसपी पारुल माथुर ने थाना प्रभारियों व अधिकारियों की बैठक लेकर आरोपित को जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। साथ ही एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट (एसीसीयू) प्रभारी निरीक्षक हरविंदर सिंह व कोतवाली थाना प्रभारी भारती मरकाम को आरोपित की तलाश में सहयोग करने कहा। वहीं, आइजी रतनलाल डांगी ने भी मामले की जानकारी ली। आइजी रतन लाल डांगी ने आरोपी को पकड़ने वाली टीम को पुरस्कार देने की घोषणा की है।*

# मामूली विवाद पर बाप-बेटे ने मिलकर कर टांगिया से दिया हमला

## सरकंडा पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**बिलासपुर ।** सरकंडा क्षेत्र में पिकअप से कीचड़ उछलने को लेकर हुए विवाद पर पिता-पुत्र ने युवकों पर जानलेवा हमला कर दिया। इसकी शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर आरोपित पिकअप चालक और उसके बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार की दोपहर मुरुम खदान में रहने वाले शुभम मानिकपुरी ने जानलेवा हमला करने की शिकायत की थी। पीड़ित ने बताया कि दोपहर 1.30 बजे वह अपने घर पर था। उसके बड़े भाई ओमप्रकाश मानिकपुरी और उसका दोस्त लोकेश वैष्णव पैदल गली की ओर घुमने निकले थे। इसी दौरान मोहल्ले में रहने वाला समीर अपने मालवाहक को लेकर वहां आया। इस दौरान वाहन से कीचड़ छिटककर लोकेश और ओमप्रकाश को लगा। लोकेश ने वाहन को रोकने का



प्रयास किया। साथ ही देखकर वाहन चलाने को कहा। इस पर समीर ने थोड़ा आगे जाकर वाहन रोक दिया। वहां जाकर ओमप्रकाश और लोकेश ने गली में वाहन धीरे चलाने के लिए कहा। इस पर समीर और उसके पिता सादिक ने अपने पास रखे टांगी से ओमप्रकाश के सिर पर वार कर दिया। वहीं, समीर के पिता सादिक ने ओमप्रकाश के गले में चाकू से वार किया। इस दौरान बीच-बचाव करने पर उन्होंने लोकेश को टांगी के बेठ से मारा। हमले में घायल को उपचार के लिए भर्ती कराया गया। घटना की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित समीर और उसके पिता सादिक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित के कब्जे से चाकू और टंगिया जब्त किया गया है।

# उधारी में सामान देने से मना करने पर दुकान संचालक की पिटाई

## मामला दर्ज पुलिस कर रही जांच

**बिलासपुर ।** तारबहार थाना पुराना बस स्टैंड में चाय नाश्ते की दुकान चलाने वाले ने युवकों को उधार में सामान देने से मना कर दिया। इस पर युवकों ने दुकान में घुसकर युवक की पिटाई कर दी। मारपीट से घायल ने इसकी शिकायत तारबाहर थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। तिफरा के बाबजी नगर में रहने वाले देविंदर सिंह महे पुराना बस स्टैंड के अंदर चाय नाश्ते की दुकान चलाते हैं। शुक्रवार की शाम दुकान में उनका बेटा सूरज था। इसी दौरान दुकान में गोलू पासी अपने दो साथियों के साथ आया।




उसने सूरज से उधार में सामान मांगा। इस पर उसने उधार में सामान देने से मना कर दिया। इस पर युवक उससे गाली-गलौज करने लगे। देविंदर सिंह ने बीच-बचाव करते हुए गोलू से पुराने हिसाब के रूपये मांगे। इस पर युवकों ने दुकान में घुसकर देविंदर को जान से मारने की धमकी देते हुए पिटाई शुरू कर दी। मारपीट के बीच आसपास के लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव किया। इसके बाद पीड़ित ने घटना की शिकायत तारबाहर थाने में की है। मामले में पुलिस जुर्म दर्ज कर जांच कर रही है।

# बस्तर विधायक की कार्यशैली से प्रभावित होकर 30 युवाओं ने किया कांग्रेस प्रवेश

**जगदलपुर।** बस्तर विधायक व बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण अध्यक्ष लखेश्वर बघेल के निवास पर आज 30 युवाओं ने कांग्रेस में प्रवेश किया। युवा कार्यकर्ताओं ने कहा कि जिस तरह से आप क्षेत्र के साथ-साथ संभाग में भी अपनी अलग ही छवि बनाये रखें है। प्राधिकरण अध्यक्ष बनने के पश्चात् कई विभिन्न कार्यों का पूरा किया है जिसमें आप ने ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के अनुरूप कार्य करते हुए देवगुड़ी और पुजारी, गायता, बाजनया,मोहरिया, लोगों को आपके नेतृत्व में कार्य करते हुए बड़ी राहत दिलाई है आप विधानसभा का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रदेश के विभिन्न समुदाय के लोगों के बारे में सोच सकते है तो हम बस्तर विधानसभा के




अंतर्गत आते है आज हमें बड़ी गौरवानित महसूस होती है की आप हमारे क्षेत्र के प्रतिनिधि है हम इन्ही आशाओं के साथ और आपकी कार्यशैली को देखकर कांग्रेस प्रवेश करने का निर्णय लिया शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने की कार्य करेंगे। इस दौरान जेल संदर्शक सदस्य दिनेश यदु, ब्लॉक अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य गणेश बघेल, जनपद सदस्य बैद्यनाथ मौर्य, सरपंच फूलसिंह बघेल, सुखचंद कश्यप, राजेश कुमार, जितेंद्र तिवारी, सहदेव बघेल पदाधिकारीगण एवं समस्त कार्यकर्त्तागण उपस्थित रहे।

# राजा चंद्रमौलेश्वर महाकाल जी के पालकी यात्रा के दर्शन प्राप्त करने श्रद्धालुओं में भारी उत्साह

## सावन सोमवार के तृतीय दिन श्री महाकाल जी की पालकी यात्रा में भी शिवभक्त एवं धर्म प्रेमियों का उठा जनसैलाब

**राजनंदगांव।** राजनंदगांव में अपने नाम स्वरूप संस्कारधानी के रूप में धार्मिक आयोजन एवं यात्रा में लोगों का बढ़ने लगा है रुझान, उज्जैन की तर्ज पर संस्कारधानी राजनांदगांव में राजराजेश्वर सिंघोला मंदिर एवं महाकाल सेना द्वारा आयोजित महाकाल जी के राजा स्वरूप चंद्रमौलेश्वर महाकाल जी के नगर भ्रमण कार्यक्रम में लगातार तीसरे सावन सोमवार उठा श्रद्धालुओं का जनसैलाब, तृतीय सोमवार यह यात्रा हमाल पारा महालक्ष्मी मंदिर से निकाली गई, विभिन्न जगहों पर श्रद्धालुओं द्वारा बाबा महाकाल के पालखी की आरती एवं पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया यह यात्रा में बाजे गाजे के साथ बेमेतरा के प्रशिद्ध गायक सुनील सीहोर ने अपनी प्रस्तुति दी, श्री महाकाल जी के पालकी



यात्रा का नगर भ्रमण लक्ष्मी मंदिर हमालपारा से साईं मंदिर हमालपारा, सत्यनारायण मंदिर कामठी लाइन ,सुरजन जी गली होते हुए रामाधीन मार्ग, महेश्वरी भवन,तिरंगा चौक ,भारत माता चौक ,मानव मंदिर चौक ,गांधी चौक होते हुए ,इंदिरा नगर चौक से नंदई चौक जाकर कुआं चौक में समाप्त हुआ इस बीच गंज लाइन रोड में भारत माता चौक समीप कोंकणा मंदिर में अतिशबाजी एवं पुष्पवर्षा आरती के साथ अलौकिक हरिहर मिलान कराया गया युवाओं और महिलाओं में लगातार इस धार्मिक यात्रा के प्रति आकर्षण देखा जा रहा है भारतीय पारंपरिक वेशभूषा में युवा पालकी की जिम्मेदारी संभालते हुए, डमरु और झांझ के धुन में झूमते नजर आते हैं, चौथे सोमवार बड़े शीतला मंदिर जमात पारा से राजा चंद्रमौलेश्वर महाकाल जी के इस सावन माह की चौथी एवं अंतिम यात्रा दोपहर 2:00 बजे से निकाली जाएगी आयोजन समिति ने अंतिम सावन सोमवार में सभी धर्म प्रेमियों को बाबा महाकाल जी के पालखी यात्रा के दर्शन प्राप्त करने एवं सेवा हेतु आमंत्रित किया है।

# मुख्यमंत्री सस्ती दवा दुकानों से जिलेवासियों को मिली पौने तीन करोड़ रुपये की छूट

## जिले में 11 जगह संचालित हो रहा श्री धन्वंतरि मेडिकल स्टोर

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

**स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार राज्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। यही कारण हैं कि लोगों को रियायती दरों में उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स योजना शुरू की गई है।**



शासन द्वारा लोगों को सस्ती दरों में जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराने की पहल से जिलेवासियों के लिए काफी फायदेमंद साबित हो रही हैं। इससे लोगों के दवाई में आने वाले बेहिसाब खर्चा में लगाम लगा है, वही पॉकेट को भी बड़ी राहत मिली है। जिलेवासियों द्वारा अब तक पौने तीन करोड़ रुपये का छूट का लाभ मिला है। वर्तमान में जिले के कुल 11 स्थानों में श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। जहां लोगों को सस्ती दरों पर उच्च गुणवत्ता की जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही है।

### अब तक 4 करोड़ से ऊपर की हुई दवा बिक्री

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल जब से श्री धन्वंतरी मेडिकल सस्ती दवा दुकान जिले में प्रारंभ हुई है तब से आज दिनांक तक कुल 4 करोड़ 37 लाख 33 हजार 251 रुपये की दवाई बिक्रय हो चुकी है। जिसमें मिली छूट से जनसामान्य को 2 करोड़ 84 लाख 19 हजार 634 रुपये का फायदा हुआ है।

मिलती है काफी किफ ायती दवाएं बाराद्वार निवासी श्याम लाल यादव कहते है, अशफ ीं देवी हॉस्पिटल में उनके बच्चे का इलाज के दौरान पता चला कि अशफ ीं देवी जेनेरिक मेडिकल स्टोर में 70.10 प्रतिशत की छुट के साथ दवाई उपलब्ध है। तब से वो यही से दवाई खरीदते है, यहां




दवाइयां अन्य मेडिकल दुकान से सस्ती है। उन्हें तकरीबन 1110 रूपए की मेडिसिन के लिए मात्र 346 रूपए चुकाने पड़े। धरमजयगढ़ निवासी अख्तर हुसैन कहते वो हमेशा जेनेरिक दवाइयां को प्राथमिकता देते हैं, यह बेहतर होने के साथ सस्ती होती है। शासन की पहल से श्री धन्वंतरी मेडिकल स्टोर से काफी छूट मिल रही है। प्रचार-प्रसार के माध्यम से लोगों को जानकारी मिल रही है। जिससे जनसामान्य सस्ती दवाओं का लाभ उठा पा रहे है।

### 11 दवा दुकानें हो रही संचालित

वर्तमान में रायगढ़ जिले में 11 दवा दुकानें संचालित हो रही हैं। जिसमें रायगढ़ शहर में दो दवा दुकानें एक अषर्फी देवी महिला चिकित्सालय व दूसरा पुराना सारंगढ़ बस स्टैण्ड में चल रहा है। वहीं जिले के सभी नगरीय निकाय मुख्यालय धरमजयगढ़, सरिया, पुसौर, लैलूंगा, बरमकेला, किरोड़ीमलनगर, घरघोड़ा, खरसिया एवं सारंगढ़ में दवा दुकान चल रही है।

# मुख्यमंत्री रेशम मिशन से महिलाओं को मिल रही खुशहाली - संसदीय सचिव



**जगदलपुर।** विधायक एवं संसदीय सचिव (नगरीय प्रशासन एवं श्रम विभाग) रेखचंद जैन ने रेशम विभाग द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री रेशम मिशन के तहत आयोजित कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रेशम मिशन के माध्यम से रेशम उत्पादन को बढ़ावा देने एवं संग्राहकों को उचित मूल्य दिलाने के लिए कृत संकल्पित हैं इस हेतु उन्होंने रैली कोसा को लघु वनोपज के अंतर्गत लाकर इसकी खरीदारी लघु वनोपज संघ के माध्यम से करवा रहे हैं। पूर्व में जहां संग्राहकों को पचास पैसे से एक रुपए प्रति कुकुन का मिलता था आज उन्हें 4.20 प्रति कूकून प्राप्त हो रहा है धागाकरण के माध्यम से प्रति किलो 4500-5000 रुपए प्राप्त हो रहा है यदि उन्हें प्रशिक्षित कर नवीन तकनीक के वैज्ञानिक पद्धति से धागा बनाया जाता है तो इसका मुल्य और अधिक प्राप्त होगा। आज 20 महिलाओं को मशीन तथा 30 महिलाओं को प्रशिक्षण प्रमाणपत्र प्रदान किया गया है। इसके अलावा और भी लोगों को मशीन प्रदान की जाएगी जिससे की और धागा बनाया जा सके। इसके अलावा कपड़ा बनाने के लिए भी प्रशिक्षण दिया जाएगा जिससे की उन्हें और अधिक मूल्य प्राप्त हो सके इस हेतु धन की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। इस दौरान विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन के साथ विधि विभाग के जिलाध्यक्ष अवधेश झा जेंडर मेनस्ट्रीमिंग सोसायटी की रिसर्च एसोसिएट डा पूजा झा, उप संचालक रेशम जयपाल बरिहा, सहायक संचालक रेशम एस के विश्वकर्मा, फील्ड आफिसर ए आर रिजवी, बलभद्र भंडारी, जी एन धुर्वे सहित रेशम विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में प्रशिक्षण प्राप्त महिलाएं उपस्थित रहे।



सांसद दीपक बैज का बड़ा बयान

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष के पद पर 5 साल से कुर्सी पर पैंठ जमाए बैठे नेताओं को अब खाली करनी पड़ सकती कुर्सी

### बस्तर में कांग्रेस जिला अध्यक्षों के कुर्सी को लेकर सांसद दीपक बैज ने दिया ये बयान, कहा हाईकमान का है फैसला



**जगदलपुर।** सांसद दीपक बैज ने बयान जारी करते हुए कहा कि कांग्रेस जिलाध्यक्ष के पद पर 5 साल से कुर्सी में अपनी पैंठ जमाए बैठे कांग्रेस के नेताओं को अब अपनी कुर्सी खाली करनी पड़ सकती है। दरअसल कांग्रेस हाईकमान ने 5 साल से जिलाध्यक्ष के पद पर बैठे कांग्रेसियों को कुर्सी खाली करने और नए लोगों को मौका देने का निर्णय लिया है। बस्तर सांसद दीपक बैज ने बताया कि राजस्थान के उदयपुर में बीते 13 से 15 मई तक चले तीन दिवसीय नव संकल्प शिविर में कांग्रेस हाई कमान ने यह निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि अब एक व्यक्ति 5 साल से ज्यादा जिला अध्यक्ष के पद पर नहीं रह सकता, इस नियम के तहत बहुत सारे नये लोगों को मौका मिलेगा और जिसका 5 साल पूरा नहीं हुआ, उनको दोबारा मौका मिल सकता है। सांसद दीपक बैज ने कहा कि बस्तर संभाग में भी कई ऐसे नेता है जो अपने 5 साल के कार्यकाल को पूरा कर चुके हैं। अब उनको छोड़कर नये लोगों को मौका मिलेगा। सांसद ने कहा कि विधानसभा चुनाव के लिए बस डेढ़ साल का समय रह गया है ऐसे में नए लोगों को बिल्कुल मौका मिलना चाहिए, इससे संगठन को मजबूती मिलेगी।

## एक नजर

### श्रम विभाग द्वारा निर्माणी मजदूरों व असंगठित कर्मकारों का हो रहा निःशुल्क पंजीयन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

श्रम विभाग अंतर्गत छ.ग.भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के अंतर्गत निर्माणी मजदूरों का एवं असंगठित कर्मकार मंडल के अंतर्गत असंगठित कर्मकारों का पंजीयन किया जाता है। छ.ग.भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत 90282 मजदूरों का पंजीयन हुआ है एवं असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल अंतर्गत 78693 मजदूरों का पंजीयन हुआ हैं विभाग के अंतर्गत श्रमिक पंजीयन नि:शुल्क हैं एवं किसी भी सीएससी सेंटर अथवा किसी भी कम्प्यूटर के द्वारा किया जा सकता है। श्रमिक पंजीयन हेतु मुख्य दस्तावेज जैसे-आधार कार्ड, बैंक खाता, 1 फ ोटो निर्माणी श्रमिक हेतु नियोजन प्रमाण पत्र एवं स्वयं का मोबाईल नंबर आवश्यक है। छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के अंतर्गत महतारी जतन योजना, नोनी सशक्तिकरण योजना, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना, नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना, मेघावी छात्र/छात्रा शिक्षा प्रोत्साहन योजना एवं असंगठित कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत असंगठित कर्मकार प्रसूति सहायता योजना, असंगठित कर्मकार मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना, छात्रवृत्ति सहायता योजनाएँ मुख्य रूप से संचालित है। जिसमें प्रसूति सहायता योजनांतर्गत महिला हितग्राही को एकमुश्त 20 हजार रुपये नोनी सशक्तिकरण योजनांतर्गत पुत्री को राशि 20 हजार रुपये एवं मृत्यु सहायता योजनांतर्गत राशि 01 लाख पंजीकृत हितग्राही की मृत्यु होने पर एकमुश्त प्रदाय किया जाता है। वर्तमान में सभी योजनाओं के लाभ लेने हेतु आवेदन किये जाने पर हितग्राही के मोबाईल नंबर पर ओटीपी प्राप्त हो रहा है मोबाईन नंबर परिवर्तन होने की स्थिति में ऑनलाईन आवेदन कर संशोधन किया जा सकता है।

### व्यवसायिक प्रशिक्षण अंतर्गत अनुसूचित जाति के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण हेतु 10 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

प्रदेश के अनुसूचित जाति वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को कौशल विकास प्रशक्षिण के माध्यम से रोजगार एवं स्वरोजगार स्थापित करने के उद्देश्य से सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित विशेष केन्द्रीय सहायता अनुसूचित जाति उप-योजना अंतर्गत प्रधानमंत्री अभ्युदय योजना की जारी नवीन गाईड लाईन अनुसार अनुसूचित जाति वर्ग के बेरोजगार युवाओं, न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8 वीं पास हेतु मशीन ऑपरेटर सीएनसी लेथ टेऊ्ड पर 3 माह का नि:शुल्क आवासीय प्रशिक्षण सेन्ट्रल टेक्नोलॉजी (भारत सरकार) सेन्ट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ प्लास्टिक्स इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी, सिपेट रायुपर दिया जाएगा। इच्छुक युवक जाति, निवास एवं आय प्रमाण-पत्र के साथ 10 अगस्त 2022 तक कार्यालय कलेक्टर जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति, रायगढ़ कक्ष क्रमांक 94 में प्राप्त एवं जमा कर सकते है।

### जिले में मनाया जा रहा विश्व स्तनपान सप्ताह

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर रानू साहू के दिषा-निर्देषन व सीएमएचओ डॉ. एस.एन.केशरी के मार्गदर्शन में 01 से 7 अगस्त 2022 तक विश्व स्तन पान सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। इस वर्ष 2022 विश्व स्तनपान की शिक्षा एवं सहायता के लिए कदम बढ़ाये है। इस दौरान प्रसुता व शिशुवती महिलाओं के बीच बढ़ावा देना, षिषु बच्चो की बीमारी कुपोषण से बचने और शिशु मृत्यु दर में कमी लाने का प्रयास किया जायेगा। महिलाओं के बीच स्तनपान के लिए जागरूकता बढ़ाना है क्योंकि बच्चों के साथ-साथ माताओं के लिए भी जरूरी है। बच्चे के अच्छे स्वास्थ्य के लिए स्तनपान की जिम्मेदारी माता के साथ-साथ परिवार व मुख्य रूप से पिता की भी होती है। माता की देखभाल करना, माता को बच्चे के साथ अधिक समय व्यतीत करने व उचित तरीके से स्तनपान कराने के लिए प्रोत्साहित करना आदि तरीके से भूमिका निभायी जा सकती है। सीएमएचओ डॉ.केशरी ने बताया कि विशव स्तनपान सप्ताह का मुख्य उद्देश्य प्रसुता एवं शिशु के मध्य स्तनपान के लिए जागरूकता बढ़ाना है। प्रसव के तुरंत बाद 1 घंटें के भीतर शिशु को मां के स्तन से मिलने वाला गाढ़ा दूध शिशु के स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभदायक होता है। शिशु को दिन-रात अपने पास रखे, षिषु को बार-बार स्तनपान कराए, माता को तनाव मुक्त मन से स्तनपान कराए, माँ के दूध से बच्चो को रोगों से लड़ने के लिए शक्ति मिलती है। इसलिए 6 महीने तक स्तनपान ही कराना चाहिये व 6 महीने के उपरांत स्तनपान के साथ पौष्टिक पूरक आहार भी देना चाहिए स्तनपान सप्ताह प्रत्येक आंगनबाड़ी के साथ-साथ समस्त स्वास्थ्य केंद्र में मनाया जायेगा। ग्राम सभा में आंगनबाड़ी एवं मितानिनों द्वारा समुदाय में स्तन पान को बढ़ावा देने के लिए व्यापक नारा लेखन कर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसके साथ ही 1 से 11 अगस्त तक वजन त्यौहार मनाया जायेगा; जिसमे पहली बार 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों को वजन त्यौहार में शामिल किया जा रहा है।

# आत्मानंद विद्यालयों में चयनित 64 अभ्यर्थियों को डीईओ ने प्रदाय किया नियुक्ति पत्र

### जिले में संचालित 11 सभी आत्मानंद स्कूलों में रिक्त पदों पर हुई भर्ती



जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जिला रायगढ़ में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम योजना अंतर्गत संचालित 11 विद्यालयों के रिक्त पदों हेतु चयनित 64 अभ्यर्थियों को जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी.आदित्य द्वारा गत 30 जुलाई 2022 को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। विदित हो कि स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में रिक्त पदों की पूर्ति हेतु 3 जुलाई 2022 को शासकीय नटवर इंग्लिश स्कूल रायगढ़ में साक्षात्कार आयोजित किया गया था और चयनित अभ्यर्थियों की चयन सूची जारी की गई थी। जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में चयनित अभ्यर्थियों के नियुक्ति पत्र जारी करने हेतु प्रात:10 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आमंत्रित किया था। 30 जुलाई को प्रात:10 बजे नवनियुक्त शिक्षक जिला पंचायत सभा कक्ष में उपस्थित हुए। जिन्हें जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में कार्य करने के तरीके और कर्तव्यनिष्ठा के विभिन्न आयामो से नवनियुक शिक्षकों को अवगत कराते हुए नियुक्ति पत्र प्रदाय किए गए। नियुक्ति पत्र में कहा गया है कि सभी चयनित अभ्यर्थियों को 4 अगस्त 2022 तक अपने-अपने विद्यालयों में कार्यभार ग्रहण कर लेना है। कार्यभार ग्रहण नहीं करने की स्थिति में वेटिंग लिस्ट से पुन:चयन सूची जारी की जाएगी।

# समितियों में कामकाज का सुचारू संचालन प्रबंधकों की जिम्मेदारी-कलेक्टर रानू साहू

## ऋण वितरण व केसीसी की संख्या बढ़ाने के निर्देष

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



शासन की योजनाओं का लाभ किसानों को मिले इसमें सहकारी समितियों की भी विशेष भूमिका होती है। धान खरीदी का कार्य समितियों द्वारा ही संपादित किया जाता है। ऐसे में समितियों हो रहे कामकाज का सुचारू संचालन मुख्य रूप से समिति प्रबंधकों की जिम्मेदारी है। साथ ही सहकारिता निरीक्षकों व अपेक्स शाखा प्रबंधकों को वहां चल रहे कामकाज की नियमित मॉनिटरिंग करनी है जिससे समितियों में किसी प्रकार की अनियमितता न हो। उक्त बातें कलेक्टर रानू साहू ने आज कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में समिति प्रबंधकों, सहकारिता निरीक्षकों व अपेक्स बैंक के प्रबंधकों की बैठक में कही। कलेक्टर साहू ने कहा कि हमारा काम लोगों को सुविधाएं मुहैय्या कराना है। उन्होंने कहा कि समितियों में कामकाज में अनियमितता अथवा लापरवाही पर जिम्मेदारी तय करते हुए संबंधित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। बैठक में उन्होंने किसानों के केसीसी निर्माण, ऋण वितरण, खाद बीज की उपलब्धता, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, माइक्रो एटीएम, वर्मी कम्पोस्ट का वितरण जैसे बिन्दुओं पर समितियों के कामकाज की गहन समीक्षा की। उन्होंने गत वर्ष धान खरीदी के साथ-साथ आगामी खरीदी के लिए तैयारियों पर समिति प्रबंधकों तथा विभागीय अधिकारियों से चर्चा की। कलेक्टर साहू ने केन्द्र शासन की योजना के अनुसार समितियों में कामकाज के कम्प्यूटराईजेषन के लिए आवष्यक प्रक्रिया पूरी करने के निर्देष दिए। उन्होंने सभी समितियों को अपने वित्तीय पत्रक सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ तैयार कर उसका ऑडिट करवाने के निर्देष दिए। जिससे समितियों का काम योजना के अनुसार कम्प्यूटराईज्ड किया जा सके। कलेक्टर साहू ने केसीसी निर्माण के बारे में जानकारी ली। जहां केसीसी की संख्या कम है वहां संबंधित अधिकारियों पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने किसानों के केसीसी जारी करते हुए ऋण उपलब्ध करवायें, ताकि किसान शासन की योजना अनुसार बिना ब्याज के मिलने वाली राशि का लाभ अपने खेती-किसानी के लिए ले सकें। उन्होंने लक्ष्य अनुसार किसानों को वितरित ऋण बढ़ाने के निर्देष शाखा प्रबंधकों को दिए। इसके साथ ही उन्होंने पशुपालन, उद्यानिकी से जुड़े केसीसी प्रकरणों में भी ऋण वितरण की कार्यवाही बढ़ाने के लिए कहा। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि सभी को अपना कार्य पूरी गंभीरता से करना है। किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर साहू ने खाद के भंडारण व वितरण पर चर्चा करते हुए कहा कि पॉस मषीन में दर्ज स्टॉक तथा फिजिकल स्टॉक का वेरीफि केशन करवाया जाएगा। अत: सभी समिति प्रबंधक अपनी एन्ट्री पूरी कर लें। इसके साथ ही उन्होंने वर्मी कम्पोस्ट की खरीदी तथा एसएचजी को भुगतान के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि एसएचजी को भुगतान के लिए समितियों द्वारा समायोजन कर जानकारी बैंकों में प्रस्तुत की जाए जिसके आधार पर बैंक द्वारा फाईल रन हो सकें जिससे समूहों को कम्पोस्ट की राशि समय पर प्राप्त हो व भुगतान लंबित न रहें। इसमें किसी प्रकार की तकनीकी त्रुटि आ रही है तो उससे अवगत करायें, जिससे त्रुटि सुधार कर समूहों का भुगतान सुनिष्चित किया जा सके। इस दौरान उप पंजीयक सहकारिता सुरेन्द्र गोंड़, अपेक्स बैंक से नोडल अधिकारी सुनील सोढ़ी सहित अपेक्स बैंक के सभी शाखा प्रबंधक, सहकारिता निरीक्षक व जिले के सहकारी समितियों के प्रबंधक उपस्थित रहे।

### उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया जाएगा सम्मानित

कलेक्टर साहू ने कहा कि विभागीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन व धान खरीदी में उत्कृष्ट कार्य, वर्मी कम्पोस्ट के वितरण करने वालों को समिति प्रबंधकों, सहकारिता निरीक्षकों को आगामी स्वतंत्रता दिवस में सम्मानित किया जाएगा।

# आयुष्मान भारत योजना में गड़बड़ी, 2 अस्पतालों पर कार्रवाई

## ऑडिट में मिली अनियमितता, पुसौर से लोकेश हॉस्पीटल व सारंगढ़ से राधाकृष्ण हॉस्पीटल पर 13 लाख का जुर्माना

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

गरीबों को सहज और सुलभ स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार कई योजनाएं चलाती है। निजी अस्पताल भी इसमें पंजीकृत होते हैं। कई अस्पताल इन योजनाओं में भी गड़बड़ी करते हैं।




जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

अस्पतालों में सरकारी योजनाओं का सालाना ऑडिट होता है जिसमें रायगढ़ के दो अस्पतालों में गड़बड़ी मिली है। एक अस्पताल को तीन महीने के लिए सस्पेंड किया गया और दूसरे को सस्पेंशन के साथ 13 लाख की पेनाल्टी लगाई गई है। मामला आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना का है। इन योजनाओं में गड़बड़ी करने वाले अस्पतालों की शिकायत भी होती है। बिलिंग में गड़बड़ी करके सरकार से अतिरिक्त भुगतान भी लिया जाता है। हर साल सरकारी योजनाओं के लिए अस्पतालों का ऑडिट कराया जाता है। एक महीने पूर्व ही सभी अस्पतालों का ऑडिट हो चुका है। इस दौरान 13 अस्पतालों में गड़बड़ी मिली। सूची में रायगढ़ के भी दो अस्पताल हैं। पुसौर के लोकेश हॉस्पिटल और सारंगढ़ के राधाकृष्णा मल्टीस्पशलिटी हॉस्पिटल में अनियमितता पाई गई। ऑडिट में गड़बड़ी मिलने पर लोकेश हॉस्पिटल को योजना से तीन महीने के लिए निलंबित किया गया था। जबकि राधाकृष्णा हॉस्पिटल को तीन महीने के लिए सस्पेंड करने के अलावा 13.10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। बताया जा रहा है कि ऑडिट में मरीजों के नाम पर गलत बिलिंग का मामला भी सामने आया था। सराईपाली के भारती हॉस्पिटल को एक साल के लिए निष्कासित किया गया। सरकारी कर्मचारियों के लिए घट रहे अस्पताल सरकारी कर्मचारियों और उनके आश्रितों के इलाज के लिए 1 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 तक राज्य व बाहर के अस्पतालों को मान्यता दी गई है। इसमें रायगढ़ के अपेक्स हॉस्पिटल और आरएल हॉस्पिटल को ही रखा गया है। पिछले साल की तुलना में रायगढ़ में अस्पताल कम हो गए हैं।

# सुकमा में राज्य स्तरीय जूनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ

**सुकमा** । आज जिला मुख्यालय स्थित नव निर्मित कवासी हड़मा इंडोर स्टेडियम में छत्तीसगढ़ राज्य 21वीं जूनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। सुकमा जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग, बीजापुर, जगदलपुर, दंतेवाड़ा तथा अन्य जिलों से चयनित बैडमिंटन खिलाड़ी अंडर 19 आयु वर्ग में भाग ले रहे हैं। 05 अगस्त तक चलने वाले इस स्पर्धा के अंतर्गत एकल एवं युगल मैच आयोजित किया जाएगा जिसमें करीबन 120 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। उद्घाटन मैच जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष जगन्नाथ साहू, एवं वरिष्ठ नागरिक कवासी बोंके की टीम ने कलेक्टर हरिस. एस एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओम चंदेल के साथ खेलकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। सुकमा नगरपालिका अध्यक्ष, एवं सुकमा जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष जगन्नाथ साहू ने विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की मेजबानी का अवसर मिलना इस बात का प्रमाण है कि सुकमा में खेलों को बढ़ावा देने के लिए बेहतर प्रयास किए जा रहे है।

# भारतीय जनता युवा मोर्चा करेगी जंगी प्रदर्शन, 4 अगस्त को होगा एसडीएम कार्यालय का घेराव

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



पूरे धरमजयगढ़ विधानसभा सभा क्षेत्र के भारतीय जनता युवा मोर्चा कार्यकर्ता धरमजयगढ़ एसडीएम कार्यालय का घेराव करेंगे। प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा के आह्वान एवं जिला भाजपा युवा मोर्चा के दिशा निर्देश में आगामी चार अगस्त को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय का घेराव करेंगे इसकी तैयारी के संबंध में पिछले दिनों भाजपा कार्यालय में एक आवश्यक बैठक रखी गई थी। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता भी मौजूद थे। विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी के छः मंडल हैं जिसमें धरमजयगढ़, कापू, बाकारुमा, छाल, कुडुमकेला और घरघोड़ा प्रमुख हैं। इस कार्यक्रम में सभी मंडलों से कार्यकर्ता भाजपा नेता एवं युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित होंगे। तैयारी संबंधी बैठक में जिला भाजयुमो के महामंत्री राजेश बेहरा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नवल किशोर कन्नैर उपस्थित थे। नवल किशोर कन्नैर ने कहा कि युवा मोर्चा हमेशा आंदोलन के लिए जाना जाता है। विपक्ष में हमें भूपेश बघेल के लबरा सरकार के खिलाफ एसडीएम कार्यालय घेराव का जो कार्यक्रम है यह हम सबके लिए एक अवसर है। इसमें हम बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें और आंदोलन को सफल बनायें।अंत में धरमजयगढ़ मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष शशि पटेल ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आंदोलन को सफल बनाने में आप सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को युवा मोर्चा का साथ चाहिए। इस कार्यक्रम में वनबुथ ट्वेंन्टी युथ के युवाओं को ज्यादा से ज्यादा उपस्थित होने का आह्वान किया गया है।

# ओपी चौधरी ने प्रदेश के किसानों को केले की खेती से अवगत कराया

## मोर खेती की जानकारी लाइव वीडियो के जरिए शेयर की

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर छोड़कर राजनीति के मैदान के भाग्य आजमाने वाले ओपी चौधरी जीवन का पहला चुनाव भले ही खरसिया से हार गए हो। लेकिन इस दिलचस्प हार न उन्हे प्रदेश स्तर के नेताओ की सूची में ला खड़ा किया स बतौर विपक्ष ओपी चौधरी भूपेश सरकार की हर मोर्चे पर घेराबंदी की है।

उनके खिलाफ एफ आई आर दर्ज कर उन्हे रोकने का प्रयास भी किया गया लेकिन प्रदेश से लेकर मंडल तक भाजपा ने सरकार के इस कदम का पुरजोर विरोध किया। एफ आई आर के बाद ओपी की आक्रमकता में ओर तेजी आई वे सत्ता पक्ष के लिए सर दर्द का कारण बन हुए है। राजनीति में व्यस्तता के बावजूद ओपी अपने खेत जाना नही भूलते और अपने गृह ग्राम बायंग के खेत जाकर प्रदेश भर के किसानों को लाइव वीडियो के जरिए खेती के तौर तरीको से अवगत कराते है स इन दिनों में केले की खेती कर रहे है। और उसके लाभ हानि से भी किसानों को अवगत करा रहे हैं। ओपी चौधरी ने लगभग चार पहले 20 मार्च से 28 मार्च के मध्य लगाई गई केले की खेती से प्रदेश के किसानों को अवगत कराते हुए



कहा कि केले की खेती का प्रयोग उन्होंने पहली बार किया है। लगभग चार माह बाद केले के पौधो के विकास से संतुष्ट ओपी ने बताया कि आगामी छह माह के अंदर इसके फूल भी खिलने शुरू हो जाएंगे। फसल अच्छी आने पर केले की यह फ सल प्रदेश के किसानों के लिए मिशाल बनेगी स ओपी ने कहा कि पहले वी स्वय प्रयोग करना चाहते है ताकि अच्छी फसल आने पर इसकी तकनीक से प्रदेश के किसानों को विस्तार से अवगत करा पाएंगे। ओपी ने कहा खेती के विस्तार के जरिए विकसित भारत को कल्पना को साकार किया जा सकता है। 11 लाख लोग आईएएस बनने के लिए परीक्षा में शामिल होते है। इनमें से 100 से 150 आईएस व अन्य सभी सर्विस में कुल 500 से 700 लोगों का चयन होता है स शेष अन्य यूवाओ के के पास नौकरी का विकल्प शेष रहता है स उद्योगों के धूल धुएं में जी तोड़ मेहनत के बाद भी नौकरी से बहुत कम आय हासिल होती है। नौकरी के बजाय ओपी ने प्रदेश के युवा किसानों को स्वरोजगार उद्यम जैसे कार्यों की ओर प्रेरित किया। खेती हर किसान साथी आसानी से कर सकता है। किसान साथियों को आर्थिक व्यवस्था खेती से जुड़ी हुई है इसलिए उन्नत खेती के तौर तरीको की ओर समुचित ध्यान देना आवश्यक है। खेती की आय के जरिए आत्म सम्मान भी हासिल किया जा सकता है स अपने खेत से केले की खेती का लाइव विडियो शेयर करते हुए ओपी केले की खेती में प्रगति देखकर प्रसन्न नजर आए, मार्च के अलावा मई माह व जून माह में भी केले के प्लांटेशन की जानकारी देते हुए बताया कि खरपतवार की समस्या खेतो में इस समय बहुत ज्यादा है लेबर लगाकर खरपतवार निकाली जा रही है पेस्टी साइड के इस्तेमाल की बजाय बैक्टेरियल प्रोसेस के इस्तेमाल का प्रयास करते हुए गोबर कंडा का उपयोग किया जा रहा है। केले की फसल के मध्य रिक्त स्थान में इंटर क्रॉपिंग के रूप में लगाए गए धनिया व गेंदा फूल के पौधो की जानकारी भी दी गई। अपने खेत से ही धनिया के अस्सी से सौ रुपए किलो बिकने की जानकारी भी ओपी ने दी। आगामी दिनों में गणेश नवरात्र व दिवाली की पूजा के दौरान पूजा हेतु उपयोग में आने वाले गेंदा फूल के पौधो के बारे में भी बताया। चार अक्टूबर को दशहरा व 24 अक्टूबर को दीपावली की जानकारी देते हुए ओपी ने बताया अक्टूबर तक गेंदा की खेती पूरी हो जायेगी स ओपी ने देश प्रदेश में खेती किसानी को मजबूत बनाने की दिशा में मिलजुल कर प्रयासों की आश्यकता भी जताई।

# 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सर्व आदिवासी समाज करेंगे महासभा के साथ विशाल रैली



जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।

हरदीपाठ सरना गोंड़वाना भवन जिला जशपुर पालीडीह में सर्व आदिवासी समाज पत्थलगांव की आवश्यक बैठक किया गया। जिसमें सर्व सहमति से सर्व आदिवासी समाज पत्थलगांव की कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। जिसके अध्यक्ष आनंद नाग उपाध्यक्ष सुरेंद्र तिर्कि, यदुनदन बाज, गजानन राठिया, सुकलाम्बर छतर कोषाध्यक्ष, सिलसाय टोप्पो, मुन्ना राम सर्पे, सचिव जोसेफ कुजूरनारायण सिदार, बहादुर सिदार सह सचिव यदु भूषण मराबी। मीडिया प्रभारीऋअमित एक्का नारायण सिदार, पद भार सौंपा गया जिसके संरक्षक सलाहकार चतुर साय मराबी, प्रोफेसर डी आर. राठिया, नेहरू लकड़ा, जगदीश सिंह जगत, रंजीत एक्का, जे खेस्स, मेरी तिर्की, क्रेसेन्सिया बेक, सरोज बड़ा, ए एस भगत अपोलिना केरकेट्टा, भलेरिया इत्यादि भारी संख्या में उपस्थित रहे। 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस बहुत ही श्रद्धा और धूमधाम से मनाने की योजना बनाया गया है और कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार किया गया है। पत्थलगांव हाईस्कूल मैदान में महासभा और सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जाना प्रस्तावित है । इसके पश्चात रैली हाई स्कूल के मेन गेट से होते हुए मुख्य मार्ग से चौक एवं हॉस्पिटल तक और रेस्ट हाउस तक जाकर वापस हाईस्कूल मैदान में आकर सभा की समाप्ति की घोषणा किया जाना है।

# आत्मानन्द स्कूल बम्हनीडीह में हरेली पर्व की बिखरी खुशियां

## छत्तीसगढ़ी नृत्य, गेड़ी दौड़ और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता से माहौल हुआ खुशनुमा

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीरचाम्पा।





छत्तीसगढ़ के पारंपरिक प्रथम त्यौहार हरेली पर्व की खुशियां बम्हनीडीह के स्वामी आत्मानन्द शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में बिखरी हुई दिखी। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत की गई छत्तीसगढ़ी नृत्य से जहाँ सभी थिरकने से मजबूर हुए, वहीं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताएं गेड़ी दौड़, नारियल फेंक जैसे आयोजन से हरेली पर्व का माहौल खुशनुमा बनने के साथ रोमांच से भी भर गया। यहां लगाई गई छत्तीसगढ़ी व्यंजनों की स्टॉल में सजे चीला, फ रा, बरा, चौसेला, गुलगुला, ठेठरी, खुरमी आदि पकवानों ने सबको ललचाने के साथ मुँह में मिठास घोल दिया। विद्यालय में हरेली पर्व का उत्साह देखने लायक था। स्वामी आत्मानन्द शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बम्हनीडीह में हरेली का पर्व आज बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। पारम्परिक तौर-तरीकों के अनुसार विद्यालय को न सिर्फ आकर्षक ढंग से सजाया गया था। अपितु माहौल को हरेलीमय बनाने विविध वाद्ययंत्रों का सहारा लिया गया। कार्यक्रम की शुरूआत छत्तीसगढ़ महतारी और गेड़ी सहित नागर आदि कृषि यंत्रों की पूजा कर की गई। इस अवसर पर अतिथिगणों ने कार्यक्रम की जमकर सराहना की। गगन जयपुरिया सभापति जिला पंचायत, गुलाबुद्दीन खान, उपाध्यक्ष, अल्पसंख्यक प्रदेश और सरपंच मालती राजकुमार पटेल आदि ने कहा कि विद्यालय में इस तरह के भव्य आयोजन को देखकर उन्हें अपने बचपन की याद आ गई। वे भी हरेली पर्व में शामिल होकर इस उत्सव को मनाते आये हैं। आज छत्तीसगढ़ की यह परम्परा जीवित है और जगह-जगह इस तरह का आयोजन होता रहता है। स्वामी आत्मानन्द विद्यालय में हरेली पर्व का आयोजन किया जाना एक सराहनीय प्रयास है। इससे यहां पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी अपनी परम्पराओं और तीज त्यौहारों के महत्व को भलीभंति जान व सीख पायेंगे। इसके लिए यहां के प्राचार्य को हम सभी बधाई और शुभकामनाएं देते हैं। इस अवसर पर प्राचार्य श्वेता शुक्ला द्विवेदी ने कहा कि शासन द्वारा स्वामी आत्मानंद विद्यालय का संचालन गरीब और जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए किया जा रहा है। इससे निश्चित ही यहां पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों का भविष्य उज्जवल बनेगा। विद्यालय में न सिर्फ उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान की जा रही है। खेल गतिविधियों के साथ हमारे छत्तीसगढ़ की तीज.त्यौहारों को भी पारम्परिक तरीके से सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से मनाया जाता है। इसी कड़ी में हरेली उत्सव का आयोजन भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के मार्गदर्शन में जिले की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। विद्यालय स्तर पर हम सभी भी विद्यार्थियों को गुणवत्तामूलक शिक्षा देने संकल्पित है। हरेली पर्व के आयोजन में गांव के किसानों, गणमान्य नागरिकों को शॉल एवं श्रीफल के साथ सम्मान भी किया गया। प्राचार्य श्वेता द्विवेदी द्वारा छत्तीसगढ़ी गीत नदिया तीर के पटवा भाजी सहित विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सरगुजा नाचे सहित अन्य गीतों ने सभी को थिरकने के लिए विवश भी किया। अतिथियों ने गेड़ीए नारियल फेंककर प्रतियोगिताओं में शामिल होकर कार्यक्रम का आनंद लियाए वहीं छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का स्वाद भी लिया। सभी ने विद्यालय के इस आयोजन की जमकर प्रशंसा की। कार्यक्रम में चेतन महंत, भगवानदीन पटेल, आलोक अग्रवाल, सोनू जायसवाल, पवन केशरवानी एमोहन डड़सेना सहित गणमान्य नागरिकगण और विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संचालन श्वेता दयलानी व गोविंद सूर्यवंशी ने किया।

एक नजर

# किसानों के शिकायत के निराकरण हेतु टोल फ्री नंबर जारी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत कृषकों के फसल बीमा से संबंधित शिकायतों के निराकरण हेतु भारत सरकार द्वारा किसान निवारण पोर्टल का शुभारंभ किया गया है। कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि किसान अपने फ सल बीमा से संबंधित शिकायतों के निराकरण हेतु टोल फ्री नंबर 14447 पर कॉल कर शिकायत निवारण पोर्टल में फसल बीमा से संबंधित अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है।

# आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष शोभा सिंह महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान सह बागवानी पैधा रोपण कार्यक्रम

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।






ठाकुर शोभा सिंह शासकीय महा विद्यालय पत्थलगांव में आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में आज राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान सह बागवानी के तहत् पौध रोपण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। विदित हो कि भारत सरकार द्वारा सत्र 2022-23 को आजादी की पचहत्तर वां वर्ष पूर्ण होने पर इसे अमृत महोत्सव के रूप में मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर पूरे वर्ष भर देश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजन किये जाने है। इसी क्रम में महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवायोजना इकाई द्वारा स्वयं सेवकों के माध्यम से समय-समय पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता रहा है। विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य है। इस उद्देश्य की पूर्ति में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई मील का पत्थर साबित हो रहा है। आज इसी भाव को लेकर महाविद्यालय परिसर में स्वयं सेवकों द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम सह पौध रोपण कार्य किया गया जिसमें एनएसएस के सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो.टीआर पाटले द्वारा प्रेरणास्पद उद्बोधन देकर विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया।

# जल उपयोगिता समिति की बैठक 4 को

**बिलासपुर** । संभाग स्तरीय जल उपयोगिता समिति की बैठक संभागायुक्त बिलासपुर की अध्यक्षता में 4 अगस्त को सुबह 11.30 बजे से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की जाएगी। आयोजित बैठक में जनप्रतिनिधि गण, संभाग के सभी कलेक्टर एवं अन्य अधिकारी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहेंगे। इस बैठक में संभाग के बड़े जलाशयों में जल भराव की स्थिति, खाद, बीज एवं कीटनाशक की उपलब्धता की समीक्षा की जाएगी। बैठक में रबी सिंचाई की उपलब्धि तथा खरीफसिंचाई के लक्ष्य निर्धारण पर भी चर्चा की जाएगी।

# वकील के सुने घर में चोरी

**बिलासपुर** । चकरभाठा क्षेत्र स्थित आशीर्वाद वैली कालोनी में तहमे वाले एक वकील के सुने मकान से चोरों ने जेवर और 60 हजार रुपये नकद पार कर दिये। इस दौरान अधिवक्ता अपने गृहग्राम गए थे। चोरी की जानकारी होने पर वे अपने घर लौटे। उन्होंने घटना की शिकायत चकरभाठा थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर चोरों की तलाश कर रही है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in